दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com
रायपुर, बुधवार 16 सितम्बर 2020, अश्विन कृष्ण पक्ष-चतुर्दशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-216 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोनाकाल उर्फ आफतकाल ने आपातकाल को भी मात दे दी है। कम्बख्त खत्म होने की नाम ही नहीं ले रहा है। एक दिन में जितने कोरोना संक्रमित मरीज ठीक होते हैं उससे कई गुना ज्यादा नए कोरोना संक्रमित मरीज सामने आ जाते है। अन्य कई देशों में कोरोना का कहर अब कम होने लगा है। यहां तक कि पाकिस्तान में भी कोरोना पर काफी हद तक काबू पा लिया गया है लेकिन हमारे देश में हालात बिगड़ते ही जा रहे हैं। सरकार की नाकामी और जनता की नादानी के कारण कोरोना के संग जीना और मरना हमारी नियति बन गई है।

कोरोना काल का नजारा : सुविधा और इंसानियत भरे दावे खोखले साबित

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। कोरोना कोविड-19 के संक्रमण से आम लोग ही नहीं डॉक्टर और पुलिस भी खासी खौफजदा है। खौफ की एक बानगी बिलासपुर में देर रात खुद्कुशी करने वाले कारोबारी के शव के साथ दिखी। कोरोना संदिग्ध होने के डर से पुलिस चौंथी मंजिल से कूदकर अपनी जान देने वाले बिलासपुर संस्कारधानी की पुलिस ने शव के साथ ऐसा बर्ताव किया कि इंसानियत भी शर्मसार हो गई। पहले से ही कारोबार के ठप होने से हताश युवा कारोबारी अनिल गुप्ता(47)निवासी रतनपुर सर्दी, खांसी और बुखार से पीड़ित हो गया। बीमारी से परेशान होकर वह रतनपुर से लेकर बिलासपुर तक के चिकित्सकों के पास जांच करवाने गया। लेकिन, किसी भी डॉक्टर ने उसे न तो चेक किया और न ही उसका ईलाज किया। वजह थी उसके सर्दी-खांसी-बुखार के लक्षण यानि की कोरोना संदिग्ध समझकर कहीं ईलाज नहीं मिला। परेशानहाल धंधा मंदा होने और फिर कोरोना के खौफ के बाद चौंथी मंजिल से कूदकर छलांग लगा जान दे दिया। बताते हैं कि वह कई प्राइवेट अस्पताल में गया पर कोरोना के खौफ से कोई उसे नहीं देखा। कोतवाली थाना बिलासपुर अंतर्गत रतनपुर निवासी अनिल गुप्ता पिता माखनलाल गुप्ता श्रीराम प्लाजा की पहली मंजिल के फ्लैट में रहता था। जब वह नीचे गिरा और जोरदार आवाज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

■ बिलासपुर में चौंथी मंजिल से कूदकर जान देने वाले के शव से ऐसा सलूक

■ लकड़ी से कोचककर पैर फिर कपड़े को रस्सी जैसा बनाकर उठाए लाश

परिजन बोले नहीं मिला ईलाज, कोई नहीं छुआ

परिजनों ने बताया कि अनिल पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। उन्हें सर्दी-खांसी और बुखार था। इसके इलाज के लिए वह कई जगह जा चुके थे, लेकिन कोरोना की आशंका से डॉक्टर उन्हें मना कर देते। इसके चलते वह परेशान थे। आशंका जताई जा रही है कि इसी के चलते उन्होंने खुदकुशी का कदम उठाया। हालांकि बताया जा हा है कि पारिवारिक विवाद भी था।

तीन दिनों तक पोस्टमार्टम को भी लटकाया गया

रीवां गांव की 29 वर्षीया युवती श्रीमती अनिता ढीढी को 1 सितम्बर को रिम्स अस्पताल, गोढ़ी में मृत अवस्था में लाया गया था। वहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद शव के पंचनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग भेजा गया था। मृतका के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद शव आरंग से लाकर रायपुर के डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल में रखा गया था। संयुक्त संचालक एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक ने बताया कि शव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दावों, वादों और जांच अब भी ढर्रे पर

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के अलावा लगातार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरोना संक्रमण के शिकार हुए लोगों के ईलाज, भर्ती व्यवस्था, सुविधा और जांच के दावे, वादों के साथ बेहतर उपलब्धता का निर्देश जिम्मेदारों को दिया गया है। लेकिन निगम, जिला और पुलिस प्रशासन के साथ जांच रिपोर्ट में अब भी वह तत्परता नहीं दिख रही है। ईलाज या टेस्ट से पूर्व अन्य परिस्थितियों में हुई मौत के बाद शव के साथ किया जा रहा कोरोनाकाल में बर्ताव ईसानियत के दुर्दिन बता रहा है। कोरोना जांच तो लेट हो ही रही है सामान्य फ्लू के लक्षण को भी उसी संदेह के आधार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास- खबर

वायुयान संशोधन विधेयक 2020 को संसद की मंजूरी

नयी दिल्ली (वार्ता)। संसद ने मंगलवार को वायुयान संशोधन विधेयक 2020 को मंजूरी दे दी जिसमें नियमों के उल्लंघनों के मामले में जुर्माने की अधिकतम सीमा को वर्तमान 10 लाख रूपये से बढाकर एक करोड़ रुपये कर दिया गया है। लोकसभा में यह विधेयक बजट सत्र में पारित हुआ था जबकि राज्यसभा में मानसून सत्र के दूसरे दिन आज इस विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दी गयी। इस तरह इस विधेयक पर संसद की मुहर लग गयी है।

स्वास्थ्यकर्मियों की बीमा योजना की अवधि छह माह के लिए बढ़ी

नयी दिल्ली (वार्ता)। कोरोना वायरस कोविड-19 के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर मुस्तैदी से डटे डॉक्टर तथा नर्स सहित सभी स्वास्थ्यकर्मियों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज बीमा योजना की अवधि को दोबारा छह माह यानी 180 दिन की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी कि 50 लाख रुपये की इस बीमा योजना को 30 मार्च को 90 दिन के लिए लागू किया गया था। इसकी अवधि बाद में 90 दिन और बढ़ाकर 25 सितंबर तक की गयी थी लेकिन आज फिर अवधि में छह माह की बढ़ोतरी कर दी गयी है। इस बीमा योजना की प्रीमियम राशि का पूरा भुगतान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

शेयर बाजार

सेंसेक्स- 39044.35
निफ्टी- 11521.80
गोल्ड- 52048 (10 ग्रा.)
सिल्वर- 69246 (1 कि ग्रा.)

राजनाथ सिंह के बयान पर हमलावर कांग्रेस, राहुल गांधी बोले-

देश सेना के साथ लेकिन चीन के खिलाफ कब खड़े होंगे पीएम

■ रक्षामंत्री के बयान से हुआ साफ, पीएम मोदी ने देश को गुमराह किया: राहुल गांधी

नई दिल्ली ए.। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लोकसभा में चीन पर जमकर हमला बोला। हालांकि सीमा पर चीन के साथ जारी विवाद को लेकर राजनाथ के बयान के बाद कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी बड़ा बयान देते हुए पीएम मोदी के दावे पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चीन की ओर से किए गए अतिक्रमण को लेकर पीएम मोदी ने देश को गुमराह किया, यह रक्षामंत्री के बयान से साफहो गया है। राहुल ने ट्वीट कर कहा, 'रक्षामंत्री के बयान से साफ़है कि मोदी जी ने देश को चीनी अतिक्रमण पर गुमराह किया। हमारा देश हमेशा से भारतीय सेना के साथ खड़ा था, है और रहेगा।' उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार नहीं चाहती है कि हम बोलें: अधीर रंजन

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने वॉकआउट को लेकर कहा कि हमारी मांग केवल यह थी कि देश भी हमारा है, यह देश केवल राजनाथ सिंह जी का नहीं है, यह देश हम सभी का है। हम अपने दिल की बात, मन की बात रखना चाहते थे। हम देश के सैनिकों को सम्मान देने का मौका नहीं गंवाना चाहते थे, लेकिन सरकार नहीं चाहती कि हमारे मुंह से आवाज निकले।

चीन को कब दिखाएंगे लाल आंख: सुरजेवाला

दूसरी ओर कांग्रेस के प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी ट्वीट पर पीएम मोदी और राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने ट्वीट किया, 'राजनाथ जी, देश सेना के साथ एकजुट है। पर ये बताएं कि चीन ने हमारी सरज़मी पर क़ब्ज़े का दुस्साहस कैसे किया? मोदीजी ने चीन द्वारा हमारे क्षेत्र में घुसपैठ न करने बारे गुमराह क्यों किया? रणदीप ने राजनाथ सिंह से सवाल पूछा कि चीन को हमारी सरज़मी से वापस कब ख़देड़ेंगे?

संसद में रक्षामंत्री ने खोली चीन की पोल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लोकसभा में चीन की पोल खोली। सिंह ने सदन को चीनी सेना की पूरी गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि किस तरह चीनी सैनिकों ने यथास्थिति को बदलने की एकतरफा कोशिश की। उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य की तारीफकरते हुए कहा कि हम अपनी सीमा की सुरक्षा में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तनावभरे माहौल में 'हमारे बहादुर जवानों ने जहां संयम की जरूरत थी वहां संयम रखा तथा जहां शौर्य की जरुरत थी, वहां शौर्य प्रदर्शित किया।' राजनाथ सिंह ने लोकसभा में शुरू से पूरा घटनाक्रम समझाया। उन्होंने कहा, अप्रैल माह से पूर्वी लद्दाख की सीमा पर चीन की सेनाओं की संख्या तथा उनके हथियारों में इजाफा देखा गया। मई महीने के प्रारंभ में चीन ने गलवान घाटी क्षेत्र में हमारे सैनिकों के परंपरागत पैट्रोलिंग पैटर्न में रुकावट डाली जिससे फेसऑफ की स्थिति पैदा हुई।

प्रदेश में मनरेगा के तहत 200 दिन रोजगार का मामला राज्यसभा में मुद्दा उठाया

दाऊ के ख्वाब को सांसद छाया वर्मा ने दुहराया

■ साल के 100 दिन को 200 दिन रोजगार देने सीएम भूपेश ने लगाई है गुहार

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। सांसद राज्यसभा छाया वर्मा ने छत्तीसगढ़ के मनरेगा मजदूरों की आवाज राज्यसभा में बुलंद की है। कोरोनाकाल में फटेहाल अर्थव्यवस्था की मार झेल रहे गरीब मजदूरों को मनरेगा के तहत मिलने वाले सालभर में 100 दिन के रोजगार को 200 दिनों का करने की पुरजोर वकालत की है। एकमात्र छत्तीसगढ़ राज्य ही ऐसा है जो अपने राज्य के मनरेगा मजदूरों को काम के साथ भुगतान भी अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा कर रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रयासों से यहां पर 100 की बजाए 150 दिनों की रोजी-रोटी मनरेगा के तहत मजदूरों को नसीब हुई है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्यसभा में यह बोलीं

आज मंगलवार को सत्र के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने कहा कि कोरोना वायरस संकट के दौरान सरकार को महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत साल के 100 दिनों की बजाय 200 दिनों के लिए रोजगार की अवधि कर देनी चाहिए। कोरोनावायरस लॉकडाउन के चलते देशभर में असंगठित क्षेत्र के कामगारों, मजदूरों और व्यापारियों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। लॉकडाउन के चलते लाखों मजदूरों के रोजगार ठप हो गए थे। केंद्र और राज्य सरकारें कह रही हैं कि इन कामगारों और मजदूरों के लिए रोजगार सृजन की दिशा में काम कर रही हैं, लेकिन फिलहाल अर्थव्यवस्था पटरी पर आती नहीं दिख रही है।

बढ़ जाएगी मजदूरों की डेढ़ गुना आय

राज्य शासन की ओर से मनरेगा के मजदूरों को 200 दिन रोजगार देने के केन्द्र सरकार को भेजे प्रस्ताव पर मुहर लगी तो 9500 रुपए आय में बढ़ोत्तरी होगी। 2 लाख 56 हजार मजदूर मनरेगा में काम करते हैं। इसका सीधा फायदा जिले के 1 लाख 21 हजार परिवारों को मिलेगा। जिससे इनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। योजना से अभी 150 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस हिसाब से एक परिवार को 28 हजार 500 रुपए मेहनताना मिलता है। केन्द्र सरकार की ओर से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ग्रामीणों को उनके ग्राम पंचायत में ही रोजगार देकर पलायन रोकने चलायी जा रही है। जिन्हें गांवों में चल रहे विकास कार्यों में मजदूरी के काम पर लगाया जाता है। रोजगार सहायक के माध्यम से मेहनताना दिया जाता है।

सामुदायिक शौचालय के उत्कृष्ट ड्राइंग डिजाइन तैयार कर बने लखपति

■ राज्य स्वच्छता पुरस्कार-2020 के तहत सामुदायिक शौचालय के सर्वश्रेष्ठ मॉडल को एक लाख, सवा लाख और पौने दो लाख का पुरस्कार

■ 20 सितम्बर तक कर सकते हैं आवेदन, स्वच्छ भारत मिशन द्वारा 2 अक्टूबर को दिए जाएंगे पुरस्कार

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। सामुदायिक शौचालय के उत्कृष्ट ड्राइंग-डिजाइन तैयार कर आर्किटेक्ट और इंजीनियर पौने दो लाख रूपए तक का पुरस्कार जीत सकते हैं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा राज्य स्वच्छता पुरस्कार-2020 के अंतर्गत साढ़े तीन लाख रूपए, साढ़े चार लाख रूपए और साढ़े पांच लाख रूपए लागत के सामुदायिक शौचालय के सर्वश्रेष्ठ मॉडल को एक लाख रूपए, सवा लाख रूपए और पौने दो लाख रूपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए 20 सितम्बर तक आवेदन किए जा सकते हैं। विजेताओं को गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की वेबसाइट www.sbmgcg.in पर सीधे प्रविष्टि की जा सकती है। मिशन कार्यालय की ई-मेल आईडी sbmg.cg@gov.in पर या राज्य ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चालू वित्त वर्ष में भारत के जीडीपी में 9 फीसदी की आयेगी गिरावट : एडीबी

नई दिल्ली (वार्ता)। एशियाई विकास बैंक ने चालू वित्त वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में नौ फीसदी की गिरावट आने का अनुमान जताते हुये आज कहा कि कोरोना वायरस महामारी का भारतीय आर्थिक गतिविधियों ओर उपभोक्ताधारणा पर बहुत गंभीर प्रभाव पड़ा है।

एडीबी ने एशियाई विकास परिदृष्य 2020 के आज जारी नयी रिपोर्ट के हालांकि कहा है कि वर्ष 2021 में मोबिलिटी और कारोबारी गतिविधियों में तेजी आने से अर्थव्यवस्था में तीव्र सुधार होगा और भारतीय

अर्थव्यवस्था आठ फीसदी की दर से बढ़ेगी। एडीबी के मुख्य अर्थशास्त्री यासुयुकी सवादा ने रिपोर्ट जारी करते हुये कहा कि भारत ने कोरोना से निपटने के लिए कठोर लॉकडाउन लागू किया और इसका अर्थव्यवस्था पर बहुत ही विपरीत प्रभाव हुआ। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी को नियंत्रित करने के लिए जांच में तेजी, कोरोना पीड़ितों की पहचान और उपचार की क्षमता बढ़ाने जैसे उपाय किये जाने की जरूरत है ताकि अगले वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि भारत में अभी वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक कोरोना मरीज है। उन्होंने कहा कि सरकारी और निजी ऋष्ण के स्तर को भी कम करने की जरूरत है क्योंकि इससे प्रौद्योगिकी और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश प्रभावित हो रहा है और इससे आगे वित्तीय क्षेत्र कमजोर हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2020 में महंगाई में गिरावट आ सकती है। अगले वित्त वर्ष में महंगाई चार फीसदी पर आ सकती है।

10वीं-12वीं की दो-दो विषयों की ऑनलाइन कक्षाएं आज से

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा 10वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं प्रारंभ हो गई है। 16 सितम्बर को कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की दो-दो विषयों की ऑनलाइन कक्षाएं शुरू होंगी।

माध्यमिक शिक्षा मण्डल से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 10 वीं के संस्कृत विषय की कक्षाएं दोपहर 12 बजे से 12:40 बजे तक, समाजिक विज्ञान की कक्षाएं दोपहर एक बजे से 1:40 बजे तक संचालित होगी। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं के जीवविज्ञान विषय की कक्षाएं दोपहर 12 बजे से 12:40 बजे तक, भौतिकी की कक्षाएं दोपहर एक बजे से 1:40 बजे तक संचालित होगी। इन कक्षाओं के विद्यार्थी अपने-अपने घर में ऑनलाइन होकर पढ़ाई कर सकते हैं। ऑनलाइन कक्षा में लाइव जुड़ने के लिए विद्यार्थी www.cgbse.nic.in में ऑनलाइन क्लास पर क्लिक कर सकते हैं। विद्यार्थी इस सप्ताह ऑनलाइन कक्षाओं की समय सारिणी भी माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट www.cgbse.nic.in में देख सकते हैं। आज 15 सितंबर को ऑनलाइन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नौटंकी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की मीटिंग में पाक की नापाक हरकत

पाक ने एससीओ मीटिंग में पेश किया काल्पनिक नक्शा

■ विरोध में एनएसए अजीत डोभाल ने छोड़ी मीटिंग

नई दिल्ली। पाकिस्तान लगातार दुनिया को भ्रम में डालने की कोशिश में लगा हुआ है। मंगलवार को भी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की मीटिंग के दौरान फिर पाकिस्तान ने एक नए झूठ को प्रसारित करने की कोशिश की। मीटिंग में पाकिस्तान ने एक काल्पनिक नक्शा पेश किया, जिसके बाद भारतीय पक्ष के एनएसए अजीत डोभाल ने मीटिंग छोड़ दी। पूरे मामले को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक में पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने जानबूझकर एक काल्पनिक नक्शा पेश किया। इस नक्शे को पाकिस्तान लगातार प्रचारित-प्रसारित कर रहा है। पाकिस्तान की इस हरकत के बाद भारत ने विरोध जताते हुए मीटिंग छोड़ दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि इस मीटिंग की अध्यक्षता रूस कर रहा था।

बीते माह जारी किया था नक्शा

श्रीवास्तव ने कहा कि पाकिस्तान की हरकत मेजबान रूस की अडवाइजरी की घोर उपेक्षा थी और बैठक के मानदंडों का उल्लंघन था। मेजबान रूस के साथ बातचीत करने के बाद, भारतीय पक्ष ने उसी वक्त बैठक छोड़ते हुए विरोध जताया। आपको बता दें कि पाकिस्तान की इमरान सरकार ने बीते माह एक नया नक्शा जारी करते हुए लद्दाख, सियाचीन और गुजरात के जूनागढ़ को पाकिस्तान का हिस्सा बताया था। पाकिस्तान तब से लगातार इस नक्शे को प्रचारित कर रहा है।

छोटे शहरों को भविष्य की जरूरतों के मुताबिक तैयार करना बहुत जरूरी: मोदी

पटना (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन को गति देने के लिए 'आत्मनिर्भर बिहार' विशेषकर देश के छोटे शहरों को भविष्य की जरूरतों के मुताबिक तैयार करना बहुत जरूरी है। श्री मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्र की नमामि गंगे और अमरुत योजना से संबंधित बिहार में 543.28 करोड़ रुपये की सात परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि शहरी गरीबों और शहर में रहने वाले मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन आसान बनाने वाली इन नई सुविधाओं के लिए वह सभी को बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत मिशन को गति देने के लिए आत्मनिर्भर बिहार विशेषकर देश के छोटे शहरों को वर्तमान ही नहीं भविष्य की जरूरतों के मुताबिक तैयार करना बहुत जरूरी है।

न्यूज गैलरी

नारंग नोडल अधिकारी नियुक्त

भिलाई। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने पूर्व के आदेश में संशोधन करते हुए अधीक्षण अभियंता आरके नारंग को स्वच्छ भारत मिशन एवं प्रोजेक्ट सेल के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही नारंग छग शासन से संबंधित कार्यों में निगम की ओर से समन्वय स्थापित करेंगे। नोडल अधिकारी के रूप में निगम प्रशासन की ओर से शासन से पत्राचार भी करेंगे। कार्यपालन अभियंता बीके देवांगन को वर्तमान कार्य के साथ.साथ कार्यपालन अभियंता प्रोजेक्ट सेल की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

सभी जोनों में चलाया अभियान

भिलाई। भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में कोरोना के संक्रमण को रोकने निगम की टीम ने युद्ध स्तर पर अभियान चलाया। शासकीय भवन, सामाजिक भवन, भीड़भाड़ वाले थोक मार्केट क्षेत्र के दुकान और ऐसे स्थल जहां लोगों की दिनभर आवाजाही लगी रहती है। ऐसे स्थानों पर टैंकर स्प्रे मशीन से सोडियम हाइपोक्लोराइड घोल का छिड़काव कर कोरोना वायरस को नष्ट किया गया। जहां टैंकर नहीं पहुंच पाया। वहां मैनुअली हैंड स्प्रे से छिड़काव किया गया। जोन 1 नेहरूनगर की टीम ने लक्ष्मी मार्केट, मटन मार्केट, सुपेला घड़ी चौक से डा राजेंद्र प्रसाद चौक तक रोड किनारे के मकान और दुकानों को सैनिटाइज किया। वहीं सुपेला हार्डवेयर लाइन होजियरी मार्केट के दुकानों में स्प्रे किया गया।

कन्टेन्मेंट घोषित

दुर्ग। जिले के गोंड़पेंड्री, सेलूद तहसील पाटन में नया कोरोना पॉजिटिव केस पाये जाने पर संबंधित क्षेत्रों को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। उक्त क्षेत्र को कन्टेनमेंट जोन घोषित करने के परिणामस्वरूप कन्टेनमेंट जोन में चिन्हांकित क्षेत्र में सभी प्रकार के दुकानें व वाणिज्यिक प्रतिष्ठान बंद रहेगी। इसके अलावा सभी प्रकार की वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर किसी भी कारण से घर से बाहर निकलना प्रतिबंधित होगा। जिला चिकित्सालय व स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से संबंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य की निगरानी के साथ ही निर्देशानुसार सेम्पल की जांच की जायेगी।

मरीजों का हाल जानने पहुंचे कलेक्टर

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने नेहरू नगर में आइसोलेशन में रह रहे पेशेंट से मुलाकात कर उनका हाल चाल पूछा। स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेकर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया। कलेक्टर ने पूछा कि अभी कैसा लग रहा है। दवाइयां की किट मिली है कि नही। कोविड कंट्रोल रूम से फोन आता है क्या। उन्होंने कोविड कंट्रोल रूम से मिलने वाली जानकारी के साथ साथ होम आइसोलेशन के मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली।

कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश

टेस्ट फिफ्टी प्लस कोरोना के लक्षण वाले नागरिकों का करें चिन्हांकन

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में अधिकारियों की विशेष बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि आयु बढ़ने से सामान्य तौर पर प्रतिरोधक क्षमता घटती है। इसके साथ ही गंभीर बीमारियां हों तो कोविड जैसे रोग में विषम स्थिति पैदा हो जाती है। यदि आरंभ से पचास वर्ष से अधिक आयु वाले कोरोना लक्षण वाले नागरिकों का चिन्हांकन कर लिया जाए तो तुरंत टेस्ट कर इलाज आरंभ किया जा सकता है जिससे भविष्य में लक्षण और बढ़ने की आशंका न्यूनतम रह जाएगी और आसानी से जान बचाई जा सकेगी। कलेक्टर ने कहा कि इस संबंध में व्यापक प्रचार अभियान चलाया जाएए जनप्रतिनिधियों की भी मदद ली जाए।

सर्वे टीम इस संबंध में विशेष रूप से भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि कभी कभी किसी बुजुर्ग नागरिक के मन में यह शंका हो सकती है कि वे तो घर से निकले ही नही, फिर उन्हें कोविड नहीं होगा। उनके जो लक्षण हैं वो सामान्य बुखार के हैं। ऐसा नहीं है यह कोविड के लक्षण भी हो सकते हैं क्योंकि कभी कभी घर के दूसरे सदस्य बिना लक्षणों वाले होते हैं और वे वाहक बन जाते हैं। इसलिए सर्दी बुखार, खराश या कोविड के अन्य लक्षण नजर आ रहें हों तो जरूर टेस्ट कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि टेस्टिंग के लिए लगी टीम की संभावनाओं का पूरी तरह से उपयोग करना है। यह टीमें जितनी सक्रियता से कार्य करेंगी, तेजी से कार्य करेंगी, टेस्टिंग की रफ्तार उतनी ही तेजी से बढ़ेगी। इस प्रक्रिया में समय घटने से लोग भी अधिकाधिक संख्या में टेस्टिंग के लिए उत्साहित होंगे। कलेक्टर ने कहा कि मरीज के पाजिटिव आते ही उसे मेडिकल किट उपलब्ध करा दिया जाए। डाक्टर की अनुशंसा और मरीज की अंडरटेकिंग प्राप्त होते ही मरीजों को मेडिकल किट उपलब्ध करा दी जाए। कलेक्टर ने कहा कि रिस्पांस टाइम बेहतरीन होना चाहिए।

कर्मचारी हड़ताल पर, शहर में अंधेरा

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा एवं भाजपा पार्षद दल ने जारी बयान में कहा कि विगत 12 दिनों से ठेके के विद्युत कर्मचारी वेतन भुगतान नहीं होने के कारण हड़ताल पर हैं जिसके कारण पूरे शहर में लगभग 1800 खंभों की सड़क बत्ती खराब है। जिससे शहर की गलियां अंधेरे में डूब गई है और इस बात से महापौर धीरज बाकलीवाल को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। गलियों में अंधेरा होने से सर्वाधिक परेशान बुजुर्ग नागरिक गण है, जो मॉर्निंग वॉक के लिए जाते हैं। जिससे उनके दुर्घटनाग्रस्त या घायल होने की संभावना बनी रहती है। शहर के आऊटर क्षेत्रों में सड़क बत्ती सुरक्षाकर्मी का कार्य भी करती है। क्षेत्र में उजाला होने से असामाजिक तत्व जमा नहीं हो पाते लगातार मेंटेनेंस नहीं होने के कारण आउटर क्षेत्रों में अंधेरा है। जिससे छिटपुट चोरियों की घटनाएं बढ़ गई है। गत दिनो प्रकाश व्यवस्था को लेकर नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा सहित गायत्री साहू, कांशीराम कोसरे, चंद्रशेखर चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, देवनारायण चंद्राकर, चमेली साहू, लीना दिनेश देवांगन, मनीष साहू, नरेश तेजवानी, अजय वैद्य, ओमप्रकाश सेन, पुष्पा गुलाब वर्मा, शशि द्वारिका साहू, कुमारी साहू एवं हेमा जगदीश शर्मा ने आयुक्त से मुलाकात कर चर्चा की थी। तब आयुक्त ने तुरंत संचालक नगरीय निकाय को मेंटेनेंस का काम देख रही कंपनी ईईएसएल पर कार्यवाही के लिए पत्र लिखा था। गौरतलब है कि अभी लगातार हड़ताल को 12 दिन हो गया और उसके पूर्व भी 4 दिनों तक कर्मचारी हड़ताल पर थेए नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा ने कहा कि 20 वर्षों में इस शहर की इतनी लाइटें कभी बंद नहीं रही।

पूर्व शहरी सरकार ही जिम्मेदार : महापौर धीरज

शहर में प्रकाश अव्यवस्था के लिए पूर्व की बीजेपी सरकार और पूर्व शहरी सरकार ही जिम्मेदार है। उन्होनें कहा ईईएसएल कंपनी को शहर की सड़क बत्ती का संधारण करने का ठेका बीजेपी सरकार ने ही 2022 तक के लिए दिया है। ईइएसएल कंपनी के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन पर है और उनके द्वारा विद्युत लाईट संधारण का कार्य नहीं किया जा रहा है।

निगम में बैटरी चलित सीकर का वितरण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा निगम के 60 वार्डो के सुपरवाईजरों को एक.एक बैटरी चलित सीकर का वितरण किया गया। इस मौके पर आयुक्त इंद्रजीत बर्मन, एमआईसी प्रभारी दीपक साहू, ऋषभ जैन, संजय कोहले, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं अन्य उपस्थित थे। महापौर ने बताया कि निगम द्वारा शहर वासियों को कोरोना संक्रमण से बचाने के तहत् एक ओर जहॉ सेनेटाईजर मशीन से वार्डो को सेनेटाइज किया जा रहा है वहीं प्रत्येक वार्डो में दो.दो हैण्ड सीकर दिया गया है जिसे वार्डो पार्षदों की देख.रेख में दवाई का छिड़काव कराया जा रहा है। उन्होनें बताया हैण्ड सीकर को चलाने में कर्मचारी को परेशानी होती है कर्मचारी थक जाता है काम ठीक से नहीं हो पाता है वार्डो में दवाई का छिड़काव जल्दी नहीं हो पा रही है।

क्रिश्चयन समाज भवन की महापौर ने रखी नींव

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 55 में क्रिश्चियन समाज के लिए भवन बनाया जाएगा। कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद महापौर एवं विधायक देवेन्द्र यादव ने स्थानीय पार्षद सूर्यकान्त सिन्हा एवं समाजिकजनों तथा वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में कार्य की नींव रखी।

6.81 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य से क्रिश्चयन समुदाय के लोगों को सार्वजनिक आयोजन हेतु सहूलियत मिल सकेगी। सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखते हुए विधिवत नागरिकों की उपस्थिति में कार्य संपन्न हुआ। वार्ड 55 में होने वाले विकास कार्य के लिए क्रिश्चयन कल्चर एसोसिएशन के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए महापौर व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। महापौर यादव ने इंजीनियरों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि शीघ्र समाज के लोगों को भवन का लाभ मिल सकें इस दौरान महापौर ने विशेष रूप से आमंत्रित ईव्ही मुरली व इंटर स्कूल चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किए। भिलाई निगम के जोन 5 अंतर्गत वार्ड 55 सेक्टर 6 में क्रिश्चियन कल्चर एसोसिएशन के लिए नया भवन बनाने के साथ पुराने जर्जर भवन का मरम्मत भी किया जाएगा।

जनसम्पर्क विभाग के हिरवानी राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के जनसम्पर्क विभाग में कार्यरत् उदय सिंह हिरवानी हिन्दी दिवस-2020 के अवसर पर संयंत्र द्वारा उत्कृष्ट हिन्दी कार्य हेतु उन्हें इस वर्ष का राजभाषा विशिष्ट सेवा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार संयंत्र के कार्यपालक निदेशक वर्क्स राजीव सहगल द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन राकेश एवं महाप्रबंधक एलए एवं पीआर जेकब कुरियन विशेष रूप से उपस्थित थे। विदित हो कि विभाग में कार्यरत् हिरवानी ने लगभग बीते 12 वर्षों में हिन्दी में कार्य संपादित करने में उत्कृष्ट योगदान दिया है। हिरवानी इससे पूर्व हिन्दी राजभाषा टंकण प्रतियोगिता के चार बार के विजेता रहे हैं। पूर्व में भी हिरवानी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्तिगत नेहरु पुरस्कार तथा जवाहरलाल नेहरु समूह पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनके इस उपलब्धि पर जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी।

आक्सीजन सिलेंडरयुक्त 50 बेड की सुविधा

कलेक्टर ने जिला अस्पताल के फीवर क्लीनिक के साथ पोटिया व आदर्श नगर का भी किया निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला अस्पताल में आक्सीजन सिलेंडर युक्त 50 बेड की सुविधा मरीजों के लिए 17 सितम्बर से आरंभ हो जाएगी। यह सुविधा आक्सीजन की जरूरत वाले कोविड निगेटिव रिपोर्ट वाले मरीज अथवा संदिग्ध मरीजों के लिए होगी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने यह निर्देश जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान दिये। इसके लिए मेल और फीमेल वार्ड तैयार किये जा रहे हैं। कलेक्टर ने आज जिला अस्पताल परिसर में फीवर क्लीनिक का पुनः निरीक्षण किया। यहां सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने के लिए पूरा इंतजाम कर दिया है। वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर रूप से बीमार लोगों के लिए पृथक काउंटर बनाये गए हैं। फीवर क्लीनिक में बताया गया कि अब तक छह नागरिकों की रिपोर्ट पाजिटिव आई है जिन्हें कंचादुर स्थित कोविड हास्पिटल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने बताया कि जिन लोग होम आइसोलेशन चाहते हैं उन्हें अंडरटेकिंग और चिकित्सक की अनुमति के पश्चात इसके नियम विस्तार से बताये जाएं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि होम आइसोलेशन के वक्त मेडिकल किट के साथ हिदायतों वाला पैंफ्लेट भी दिया जाए साथ ही एक फ्लैक्स भी लगा दिया जाए ताकि लोग विस्तार से इस बारे में जानकारी ले सकें। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया में न्यूनतम समय लगना चाहिए। साथ ही हिदायतें भी बता दी जाएंगी। इस संबंध में कलेक्टर ने विस्तार से निर्देश बैठक में दिये। कलेक्टर ने सीएमएचओ आफिस के इमरजेंसी कंट्रोल रूम का निरीक्षण भी किया। वहां उन्होंने पूछा कि किस तरह के फोन आए और उन्हें किस तरह से संतुष्ट किया गया। यहां उपलब्ध स्टाफ ने बताया कि यहां आने वाले फीडबैक को तुरंत उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद वे पोटिया और आदर्श नगर के फीवर क्लीनिक भी पहुंचे।

आयुक्त ने की अभियंताओं के कार्यों में आंशिक फेरबदल

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निगम की प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट लाने के लिए अभियंताओं के कार्यों में आंशिक रूप से फेरबदल किया है। आयुक्त ने कार्यपालन अभियंता बीके देवांगन को जोन.5 के कार्यपालन अभियंता का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। कार्यपालन अभियंता देवांगन वर्तमान दायित्व के साथ.साथ जोन.5 के कार्यों का संपादन करेंगे। विदित है कि जोन 5 के प्रभारी कार्यपालन अभियंता सुनील जैन का तबादला जगदलपुर निगम में हो गया है। ट्रांसफर होने के कारण जोन क्रमांक 5 में कार्यपालन अभियंता का पद रिक्त हो गया था जिसे देखते हुए आयुक्त श्री रघुवंशी ने आदेश जारी किया है। उप अभियंता विष्णु चंद्राकर के स्थान पर जोन.2 के उप अभियंता शंकर सुमन मरकाम वाहन शाखा के उप अभियंता का कार्य संभालेंगे। उप अभियंता चंद्राकर स्वास्थ्य गत कारणों से अवकाश पर हैं। अवकाश अवधि तक जोन 2 के उपअभियंता मरकाम को वाहन शाखा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। आयुक्त ने कहा निगम की प्रशासनिक व्यवस्था में कसावट लाने अभियंताओं के कार्यों में फेरबदल किया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-2/ 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री धनजंय सिंह पिता श्री राजेन्द्र सिंह यादव निवासी टाटीबंध रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम/शहर खपरी प.ह.न. 51 में स्थित भूमि स्वामी हक भूमि खसरा नंबर 450/27 रकबा 0.020 हें/ 2180 वर्गफीट भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री भोम सिंह ठाकुर पिता बुधराम ठाकुर निवासी ग्राम वार्ड क्रं. 07 दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 213/6 का टु. रकबा 1.5 डिसमिल भूमि जो कि आवेदक के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में नही है। आवेदित भूमि के खातेदार क्रेता बुधराम ठाकुर आ. सुखराम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.09.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निर्मला पशीने पिता स्व. शरद कुमार पशीने निवासी ग्राम आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 782/10 रकबा 0.028 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार शरद कुमार आ. सी.एल. पशीने की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.09.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश पटेल पिता स्व. साहूकार पटेल निवासी ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 121/1 रकबा 0.336 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार दादा रामाधीन आ. सुखराम की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.09.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आलोक श्रीवास्तव पिता स्व. रामस्वरुप श्रीवास्तव निवासी ग्राम कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 717/11 रकबा 1800 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर शामिलात रुप से वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का सभी खातेदारों के मध्य रजिस्टर्ड बंटवारानामा दिनांक 28.08.2020 को किया गया है। उक्त रजिस्टर्ड बंटवारानामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.09.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री टीकम जैन पिता स्व. महेन्द्र कुमार जैन निवासी ग्राम पोलसायपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 101/9 रकबा 0.0200 हे. भूमि को विक्रेता पवन कुमार जैन पिता पुखराज जी जैन अन्य 01 निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 28.08.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.09.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सत्यभामा झा पति स्व. महेन्द्रनाथ झा निवासी ग्राम सुभाष नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 768/518 रकबा 0.022 हे. भूमि को विक्रेता डॉ. निलेश ठावरे पिता स्व. भाऊराम ठावरे निवासी ग्राम हा. बो. भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18.06.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.09.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बिमल राजगढ़िया पिता नंदलाल राजगढ़िया निवासी ग्राम गंजपारा बांधा तालाब दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 124/3 रकबा कुल 0.032 हे. में से 0.022 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती पमिन्दर सिद्धु पति हरिन्दर सिद्धु निवासी ग्राम पद्मनाभपुर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07.08.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.09.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बिमल राजगढ़िया पिता नंदलाल राजगढ़िया निवासी ग्राम गंजपारा बांधा तालाब दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 124/2 रकबा कुल 0.032 हे. में से 0.022 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती मनिन्दर हेहर पति हरदीप सिंह हेहर निवासी ग्राम मोहन नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07.08.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.09.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202009100400325

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री जयकुमार गोदवानी आ. कुंदनलाल गोदवानी निवासी सिंधी कालोनी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम दुर्ग प.ह.न. 16/24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1166/6 रकबा 0.005 हें/ 577.6 वर्गफीट के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग उतई सर्किल (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./96/अ-27/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरवन मनहर पिता स्व. पुनदास मनहर विरुद्ध रामकुमार मनहर पिता स्व. पुनदास मनहर निवासी जयस्तंभ चौक के पास बोरसी बस्ती दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम हनोदा प.ह.न 39 स्थित भूमि खसरा नंबर 597/1 रकबा 0.400 हे. कृषि भूमि हक व कब्जा में काबिज है जो वर्तमान में राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। शामिलात खाता की भूमि को खाता विभाजन किए जाने छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 178 के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 30.09.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.09.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्री किशन कुमार सोनी — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202009100400342

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री किशन कुमार सोनी आ. श्री गोपाल प्रसाद सोनी निवासी आजाद मार्केट रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	642/4/43	0.002 हें 200 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. — पक्षकार का नाम: श्री तेजेन्दर सिंह — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202009100400206

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री तेजेन्दर सिंह आ. स्व. परगट सिंह निवासी 180 न्यू दीनदयाल कालोनी जुनवानी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	172/12	0.020 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार खण्डेलवाल आ. सियाराम खण्डेलवाल साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम चिखली प.ह.न. 11 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 34/1 रकबा 0.160 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता कस्तूरचंद जैन आ. पदमसुख जैन से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12.10.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.09.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्री राधेश्याम यादव — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202008100400126

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री राधेश्याम यादव आ. श्री खेदूराम यादव निवासी 18 डी सड़क 13 सेक्टर 04 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	645/42	0.022 हें 2431 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.08.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

■ न्यूज गैलरी

रुपयें को दस गुना करने का झांसा देकर 60 हजार की ठगी

रायपुर। रुपये दस गुना करने का झांसा देकर 60 हजार रुपयों की दो लोगों ने ठगी कर लिया। घटना की रिपोर्ट मंदिर हसौद थानें में दर्ज की गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुटेसर मंदिर हसौद निवासी महेन्द्र कुमार आयु 23 वर्ष पिता हुलास दास गिलहरे ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी की दुकान में एक व्यक्ति 20 अगस्त को सांप दिखाने आया था जिसे वह 10 रुपयें दिया था। 9 सितंबर को एक्टीवा क्रमांक सीजी 04 एचडब्लू 3555 से वही व्यक्ति फिर एक अन्य व्यक्ति को अपने साथ लेकर दुकान पर आया व बात-चीत के दौरान बोला की वह पैसे को दस गुना कर देता है। इस बात पर प्रार्थी से चावल लेकर आने को बोला व चावल को मुट्ठी में भरकर कुछ देर बाद देकर बोला की मुट्ठी खोलकर देखो तब 5 सौ रुपयें के नोट निकले। इसके बाद वह बोला कि 60- 70 हजार रुपये लाओं में 10 गुना कर देता हुं। नहीं है कहने पर दोनों चले गये व फिर से दूसरे दिन 10 सितंबर को आकर रुपयें की व्यवस्था हुआ क्या कहने पर आरोपियों को घर ले जाकर पीड़ित ने 60 हजार रुपयें दे दिया,रुपयें लेने के बाद दोनों पुजा के लिये रायपुर से सामान लाना पड़ेगा कहकर रुपयें लेकर फरार हो गये। घटना की रिपोर्ट 15 सितंबर को थाने में दर्ज करायी गई है।

फेसबुक पर दोस्ती कर किया ब्लेकमेल, मामला दर्ज

रायपुर। फेसबुक के माध्यम से दोस्ती कर फोटों वायरल करने की धमकी देकर 15 हजार रुपयें युवती से उगाही करने की रिपोर्ट सिविल लाईन थाने में दर्ज की गई है। क्रिस्टल आर्क्रेड शंकरनगर निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थिया के फेसबुक पर 3 माह पूर्व एक अज्ञात युवक ने लगातार चेटिंग कर रहा था। मोबाईल नंबर लेने के बाद तीन-चार बार मिलने घर आया था। युवक से नाम पुछने पर उसने अपना नाम सागर बताया था। युवक तीन अलग-अलग नंबर से नाबालिग आयु 17 वर्ष से बात कर रहा था। 6 सितंबर 2020 को उसने कॉल करके 15 हजार रुपयें मांगा,नही है बोलने पर आरोपी ने धमकी देकर पीड़िता का फोटो एडिटिंग कर वायरल करने व बदनाम करने का धमकी दिया। पीड़िता ने अपनी मां के आलमारी से 15 हजार रुपयें निकाल कर दे दिया। जिसके बाद घटना की जानकारी परिजनों को होने पर आरोपी से पैसा मांगने पर लौटाने से इंकार कर दिया है।

ट्रक के केबिन में रखे नगदी 70 हजार व मोबाईल पार

रायपुर। धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलतरा में स्थित गोदावरी इस्पात पार्किंग में खड़ी एक ट्रक के केबिन से अज्ञात चोर ने नगदी 70 हजार रूपये व एक नग मोबाईल फोन पार कर दिया है। चोरी गए मोबाईल की कीमत सात हजार रूपये है। घटना 13 सितंबर के तड़के 4 बजे की है। पुलिस ने प्रार्थी गुरूमी सिंह राणा के आवेदन पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

देवेन्द्रनगर में युवक पर चाकू से हमला

रायपुर। शहर के त्रिमूर्तिनगर देवेन्द्रनगर में बीती रात एक युवक ने एक अन्य युवक पर मोबाईल चोरी करने का आरोप लगाते हुए उस पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। देवेन्द्रनगर थाना पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज किया है। घायल युवक अर्जुन बाग पिता सेनापति 19 वर्ष सोमवार की रात करीब 9 बजे त्रिमूर्तिनगर राशन दुकान के पास अपने मामा हरपाल के साथ बैठा हुआ था, तभी आरोपी दादू नामक व्यक्ति उसके पास आया और उस पर उसका मोबाईल फोन चोरी करने का आरोप लगाते हुए विवाद करने लगा। विवाद के दौरान आरोपी ने अर्जुन के कुल्हे के पास चाकू से वार कर घायल कर दिया।

वन मंत्री अकबर के एतराज़ी खत को एमपी के सीएम शिवराज ने नहीं दिया तवज्जो

छग के भोले-भाले आदिवासी झामसिंह की मौत पर बेपरवाह मध्यप्रदेश

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी के वनवासियों में आक्रोश

रायपुर/कवर्धा। मध्य प्रदेश पुलिस की गोलियों का निशाना बने छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के बेकसूर आदिवासी झामसिंह धुर्वे की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। कवर्धा के आदिवासियों के अलावा अब मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ सीमा के सटे ईलाकों के वनवासी एकजुट हो गए हैं। झामसिंह की कथित नक्सली मुठभेड़ में मौत के मामले में छत्तीसगढ़ के वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने पहले ही आशंका जताई थी।

उन्होंने लगातार पत्र और सूचना देने के बाद भी अब तक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखा भी, लेकिन मध्यप्रदेश शासन की तरफ से कोई तवज्जो अब तक नहीं मिली है। आज झामसिंह की मौत के मुद्दे पर बालाघाट में हजारों आदिवासी जुटे और कलेक्ट्रेट का घेराव भी करते दिखे। बताया जाता है कि बहुत जल्द ना सिर्फ कवर्धा छत्तीसगढ़ बल्कि मध्य प्रदेश के बालाघाट, मंडला, डिंडोरी के आदिवासी भी इस कथित मुठभेड़ के मामले में उग्र आंदोलन के मूड में हैं।

बता दें कि आदिवासियों की नाराजगी की खबर के बाद से ही प्रशासन मुस्तैद है और चारों जिलों में पुलिस को मुस्तैद कर दिया गया है।

विदित हो कि कथित नक्सली मुठभेड़ में बसबेहरा के जंगर में बालसमुंद निवासी मृतक झामसिंह धुर्वे की पुलिस गोली लगने से मौत हो गई थी। इसके बाद मुठभेड़ और सीमा पार की गोली से दूसरे राज्य के आदिवासी के मारे जाने के मामले पर तमाम सवाल उठने लगे। वन मंत्री अकबर ने सोमवार को इस मामले पर पुनः एमपी के सीएम शिवराज सिंह को पत्र लिखा। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि मध्य प्रदेश के दायरे में आने वाले जंगल के हिस्से में आदिवासी की गोली लगने से मौत पर वहां की सरकार ने संज्ञान नहीं लिया। इसी मुद्दे पर बालाघाट में आज ग्रामीण आदिवासी एकत्र होकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव करते दिखे।

अकबर ने खत में लिखा

छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र में मछली पकड़ने गए आदिवासी की मौत के मामले में मध्य प्रदेश शासन गंभीर नहीं है न ही संज्ञान लिया गया है। अब तक कोई कदम इस हादसे में नहीं उठाया है। मृतक आदिवासी झामसिंह कवर्धा जिले का है और उसकी मौत मध्य प्रदेश पुलिस की गोली से हुई है। घटना 6 सितंबर की है जब पुलिस ने मृतक को पकड़ने की कोशिश की तो वे भागने लगे बाद में पुलिस ने उन्हें गोली मार दी। इस दौरान झामसिंह धुर्वे की मौके पर ही मौत हो गई और नेम सिंह भागकर अपनी जान बचाने में कामयाब हुआ। कलेक्टर से रिपोर्ट भी तलब की गई है। सबूत के आधार पर पता चलता है कि पूरा मामला और पुलिस का यूं गोली चलाकर आदिवासी को मौत के घाट उतारना हकीकत से परे हैं। मामला निर्दोश आदिवासी की मौत का है। अकबर ने 12 सितंबर फिर 14 सितंबर को दो बार खत लिखा है। बावजूद इसके अब तक मध्य प्रदेश शासन की ओर से कोई भी पुख्ता कदम नहीं उठाया गया है।

सांसद पुनिया ने राज्यसभा में मनरेगा के नियमों में बदलाव करते हुए कार्यदिवस व मजदूरी बढ़ाने का मुद्दा उठाया

■ **परिवार से 2 व्यक्तियों को रोजगार दिए जाने पर भी जोर दिया**

■ **विशेष उल्लेख नियम के तहत उठाया मुद्दा**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी व सांसद पीएल पुनिया ने राज्यसभा में महात्मा गांधी रोजगार योजना (मनरेगा) के नियमों में बदलाव करने का मुद्दा जोरशोर से उठाया। उन्होंने सदन में मनरेगा में कार्यदिवस बढ़ाने के साथ मजदूरी बढ़ाने और परिवार के 2 व्यक्तियों को रोजगार दिए जाने की बात रखी। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शैलेष नितिन त्रिवेदी ने बताया कि सांसद श्री पुनिया ने संसद में कहा कि तालाबंदी के दौरान करोड़ों मजदूर अपने गांव लौट गए और उन्हें रोजगार देने के लिए मनरेगा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज करोड़ों मजदूरों को उनके गांव में ही मजदूरी मिल रही है। जब कोरोना का खतरा खत्म हो जाएगा तो ये करोडों मजदूर वापस काम की तलाश में शहरों की ओर लौट जाऐंगे।

श्री पुनिया ने आसंदी से कहा कि आज की स्थिति में कोरोना निरन्तर बढ़ रहा है, यह स्थिति कब तक चलेगी कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। इसलिए आवश्यक है कि गांवों में मनरेगा के माध्यम से और अधिक रोजगार की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि हर राज्य में मनरेगा के मजदूरों के 100 दिन लगभग पूरे हो गए हैं। अब इन मजदूरों को काम नहीं दिया जा सकता है और वे फिर बेरोजगार है। ऐसी स्थिति में सरकार को तुरंत कोई रास्ता निकालना चाहिए। इसके लिए मरनेगा में कुछ बदलाव की आवश्यकता है। अतः मेरा अनुरोध है कि दैनिक मजदूरी बढ़ाकर न्यूनतम 300 रूपए किए जाए, परिवार में एक व्यक्ति की जगह 2 व्यक्तियों को रोजगार दिया जाए और रोजगार के दिन 100 से बढ़ाकर 200 दिन किए जाए।

राज्यपाल की पहल से छिंदवाड़ा में ऑक्सीजन सिलेंडरों की सप्लाई

■ **ऑक्सीजन मिलने के बाद बच जाएगी सैकड़ों मरीजों की जान**

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके के विशेष प्रयासों से अब छिंदवाड़ा-मध्यप्रदेश में ऑक्सीजन गैस सिलेंडरों की कमी नहीं होगी। इसके लिए छिंदवाड़ा के नागरिकों ने सुश्री उइके का आभार जताया है। सूत्रों ने बताया कि छिंदवाड़ा के कलेक्टर ने राजयपाल से दुर्ग जिले से ऑक्सीजन गैस की आपूर्ति के लिए मदद का आग्रह किया था।

कलेक्टर द्वारा दी गई जानकारी पर सुश्री उइके ने गंभीरता दिखाई और दुर्ग जिले के कलेक्टर एवं शासन के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर छिंदवाड़ा जिले को लिक्विड ऑक्सीजन सिलेंडर प्रदान करने का निर्देश दिया। इसके बाद दुर्ग कलेक्टर व शासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने त्वरित कदम उठाते हुए छिंदवाड़ा में गैस सिलेंडर आपूर्ति की व्यवस्था कराई। ज्ञात हो कि इस समय कोरोना संक्रमण अपने चरम पर है, ऐसे में एक-एक जिंदगी कीमती हो गई है। संक्रमण से बेहाल अधिकांश मरीजों की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें ऑक्सीजन मास्क की जरूरत होती है, अस्पतालों में ऑक्सीजन सिलेंडरों की कमी होने के बाद छिंदवाड़ा में स्थिति भयावह हो सकती थी, लेकिन राज्यपाल सुश्री उइके के विशेष पहले से अब सैकड़ों जिंदगी बच जाएगी।

आम आदमी बेहाल, हरी सब्जियों के दाम आसमान पर

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना वायरल के चलते पहले से महंगी बिकने वाली हरी सब्जियों के दाम एक बार फिर से आसमान छूने लगा है। बाजार में अभी सामान्य हरी सब्जियों के दाम पर भी 60 रूपए प्रतिकिलो से 80 रूपए किलो तक हो गया है। राजधानी रायपुर में इन दिनों हरी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, इससे आम वर्ग की पहुंच से हरी सब्जियां दूर होती जा रही हैं। थोक में हरी सब्जियों को लेकर फुटकर में विक्रय करने वाले व्यापारी मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। अभी फुटकर बाजार में रोजाना काम में आने वाले आलू व प्याज की कीमतें 40 रूपए प्रतिकिलो तक पहुंच गई हे। इसी तरह बैंगन 40 रूपए, परवल 40 रूपए, फूल गोभी 60 से 80 रूपए प्रतिकिलो तक बिक रही है। टिंडा 120 से 180 रूपए प्रतिकिलो, लौकी 40 से 50 रूपए, भिंडी 50 से 60 रूपए, टमाटर क्वालिटी के हिसाब से 40 से 80 रूपए, मुनगा 80 से 100 रूपए, हरी मिर्ची 60 रूपए, मेथी 120 रूपए से 150 रूपए प्रति किलो, अदरक 80 से 100 रूपए, लहसुन 130 से 150 रूपए प्रतिकिलो की दर पर बिक रही है। इससे आम आदमी की पहुंच से हरी सब्जियां दूर होती जा रही हैं।

स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यों की समीक्षा में महापौर एजाज ढेबर के निर्देश

गुणवत्ता युक्त व समयबद्ध कार्यक्रमों के जरिए कार्य योजनाओं में पूरी तेजी लाए

नवप्रदेश संवाह्यददाता

रायपुर। महापौर एजाज ढेबर ने आज रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के एम.डी. श्री सौरभ कुमार के साथ स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहर में संचालित कार्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में संबंधित प्रोजेक्ट के प्रभारी अभियंताओं से कहा गया है कि हर प्रोजेक्ट के पूर्णता की समय सीमा निर्धारित कर अद्यतन प्रगति का सतत् पर्यवेक्षण करें। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी नम्रता जैन, रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के महाप्रबंधक तकनीकी श्री एसके सुंदरानी, नगर नियोजक बीआर अग्रवाल सहित स्मार्ट सिटी के इजीनियर सम्मिलित हुए। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक महापौर एजाज ढेबर ने संचालित कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने बीपी पुजारी, शहीद स्मारक व आरडी तिवारी स्कूल का काम अक्टूबर अंत तक पूरा करने के लिए कहा है। इसी तरह उन्होंने इएसी कॉलोनी के समीप बन रहे मल्टीलेबल पार्किंग, स्मार्ट सिटी कोतवाली भवन, शास्त्री बाजार, प्रस्तावित गोलबाजार कायाकल्प के योजना की जानकारी ली। उन्होंने कहा है कि समय सीमा का ध्यान रखते हुए कार्य की गुणवत्ता का पूरा ध्यान हर स्तर पर रखें। महापौर श्री ढेबर ने बूढ़ातालाब के कायाकल्प अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की एवं बैठक के उपरांत एमडी सौरभ कुमार के साथ मौके पर जाकर इसका निरीक्षण कर अपना सुझाव भी दिया। बैठक में आईएसबीटी, यूथ हब, जवाहर बाजार के शेष बचे कार्यों को अक्टूबर अंत तक पूरा करने के लिए कहा है। उन्होंने नए वेंडिंग जोन के चिंहांकन के दौरान ऐसे स्थलों को चयनित करने का सुझाव दिया है जहां पर अधिकाधिक जरूरत मंद लोगों को व्यापार के लिए स्थान प्राप्त हो सके।

धर्म का मर्म | 17 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही शारदीय नवरात्रि

नवरात्रि प्रारंभ होते ही कोरोना से मिल जाएगी मुक्ति

■ **नवरात्रि में कोई भी तिथियां साथ में नहीं**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। शारदीय नवरात्रि में इस बार श्रद्धालु माता के दरबार में मत्था टेक पाएंगे कि नहीं इस बात पर अभी संशय कायम है। दूसरी ओर शहर के नवरात्रि उत्सव समितियों ने पूर्ण विश्वास जताते हुए कहा कि इस वर्ष माता की कृपा से नवरात्रि के प्रारंभ होते तक कोरोना संकट काफी हद तक काबू में आ जाएगा, ऐसे में वे पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ माता की आराधना के लिए तैयार हैं।

इस वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व अधिमास के चलते एक माह देरी से शुरू होगा। पंचांगों के अनुसार इस वर्ष 17 अक्टूबर से नवरात्रि प्रारंभ होगा और 25 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ समाप्त होगा। जानकारों के अनुसार करीब 165 सालों बाद यह अनोखा संयोग है कि नवरात्रि पितृपक्ष समाप्ति के ठीक एक माह बाद मनाया जाएगा। जानकारों ने बताया कि 17 अक्टूबर को प्रतिपदा के साथ नवरात्रि प्रारंभ होगा। इस वर्ष नवरात्रि पूरे 9 दिन का होगा और नवरात्रि में कोई भी तिथि एक-दूसरे के साथ जुड़ी नहीं होगी। याने नवरात्रि के नौ दिन देवी के पूरे नौ रूपों की पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ आराधना होगी। इधर शहर के नवरात्रि उत्सव समितियों ने कहा कि चैत्र नवरात्रि के साथ कोरोना संकट गहराया था, लेकिन उन्हें पूर्ण विश्वास है कि शारदीय नवरात्रि के साथ इसकी पूर्णाहुति भी होगी। समिति के सदस्यों ने कहा कि इस वर्ष कोरोना संकट नवरात्रि के शुरूआत के साथ ही खत्म होगा अथवा इसकी उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। स्थिति चाहे जो भी हो, इस वर्ष नवरात्रि पूरे उत्साह व श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जाएगा।

कोरोना : फिलहाल लॉकडाउन का ऑप्शन ही नहीं

***रायपुर।** राजधानी रायपुर में जिस तेजी से कोरोना की रफ्तार बढ़ी है, उस हिसाब से एक बार फिर से लॉकडाउन की जरूरत महसूस हो रही है। लेकिन अब जिला प्रशासन चाहकर भी अब पूरे शहर में अथवा जिले में लॉकडाउन नहीं लगा सकता। केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार अब केवल कंटेनमेंट जोन में ही लॉकडाउन लगाया जा सकता है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश में इस समय कोरोना संक्रमण अपने चरम पर है, न केवल रायपुर जिला बल्कि प्रदेश के सभी जिलों में अमूमन यही हालात नजर आ रहा है। कोरोना ने जिस तरह से अपना पांव पसार लिया है, इसे समेटने में अभी काफी समय लगने वाला है। दूसरी ओर लॉकडाउन को लेकर केन्द्र सरकार के स्पष्ट निर्देश पहले से ही जारी हो चुका है। केन्द्र के निर्देशानुसार लॉकडाउन केवल उन्हीं स्थानों पर अथवा इलाकों में लगाया जा सकता है जो कंटेनमेंट जोन की श्रेणी में आया हो। इसके अलावा शेष इलाकों में अथवा क्षेत्र में जिला प्रशासन चाहकर भी लॉकडाउन नहीं लगा सकता। हाल ही में धमतरी जिले में व्यापारियों ने जिला प्रशासन से लॉकडाउन लगाने की अपील की थी, लेकिन जिला प्रशासन ने भी केन्द्र सरकार के निर्देशों का हवाला देकर केवल सहयोग करने की बात कही थी। इधर राजधानी रायपुर में इस समय कोरोना अपने चरम पर है, शहर में जिस तेजी से कोरोना संक्रमितों की संख्या दिनों-दिन बढ़ रही है, इससे शासन-प्रशासन के भी होश उड़े हुए हैं।*

हिंदी दिवसः हर भाषा और संस्कृति पर एक चर्चा का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय,नया रायपुर (छत्तीसगढ़) में कला एवं मानविकी संकाय के अंतर्गत हिन्दी विभाग के द्वारा 14 सितम्बर 2020 को हिन्दी भाषा और संस्कृति विषय पर संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध बाल साहित्यकार श्री रमेश द्विवेदी और विशिष्ट वक्ता के रुप में देश के सुप्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार प्रभुनारायण वर्मा उपस्थित थें।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से प्रारंभ हुआ।÷संवाद गोष्ठी÷कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री रमेश द्विवेदी ने भाषा और संस्कृति विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷हिन्दी भाषा की विविध बोलियो÷ के शब्दों से हिन्दी भाषा पर व्यापक प्रभाव पड़ा है।भाषा के माध्यम से सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकीकरण हो सकता है।जो आज हिन्दी भाषा के प्रयोग में स्पष्ट दिखलाई पड़ता है।

श्री द्विवेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि आज हिन्दी वैश्विक भाषा बन चुकी है। संचार क्रांति ने पहली बार भाषा विशेष के वर्चस्व की विदाई की घोषणा कर दी है। संचार क्रांति के पहले भाषा विशेष का वर्चस्व हुआ करता था।संचार क्रांति के बाद भाषा विशेष का वर्चस्व स्थापित करना संभव नहीं है। अब किसी भी भाषा को हाशिए पर बहुत ज्यादा समय तक नहीं रखा जा सकता।आज साइबर युग में बीस साल पहले की हिन्दी भाषा की स्थिति और आज की स्थिति में जमीन-आसमान का अंतर दिखलाई पड़ता है। सुप्रसिद्ध साहित्यिकार प्रभुनारायण वर्मा जी ने हिन्दी भाषा के स्वरूप और वर्तमान समय में हिन्दी भाषा की स्थिति पर विस्तार से बतलाया।उन्होंने कहा कि भाषा अभिव्यक्ति और संचार में बाधक नहीं बन सकती और कोई व्यक्ति यदि मातृभाषा में सोचता, समझता और सीखता है तो उसका दूसरी भाषा में अंतरण आराम से कर सकता है और चिरकाल तक वह उसके मनोमष्तिष्क पर छायी रहती है। उन्होंने कहा कि हिन्दी दिवस अंग्रेजी भाषा के विरोध और विलाप का दिवस नहीं है बल्कि अपनी भाषा के सम्मान का दिन है।उन्होंने कहा कि सभी को अपनी मातृभाषा से और संविधान से मान्यताप्राप्त राजभाषा से प्रेम होता है।अपनी मातृभाषा के मानक स्वरुप को सरल,सहज और शिक्षा,संचार और तकनीकी की भाषा के रुप में विकसित करना हमारी जिम्मेदारी है।

संपादकीय

मूवी माफिया पर कोहराम

सुशांत-रिया केस की जांच ज्यों-ज्यों आगे बढ़ रही है और इससे ड्रग कनेक्शन का खुलासा हो रहा है त्यों-त्यों मूवी माफिया को लेकर कोहराम मच रहा है। खबरिया चैनलों पर तो मूवी माफिया के कारनामों को लेकर नित नए खुलासे हो रहे है और इसमें कई बड़े नाम सामने आ रहे है। एनसीबी की जांच में ड्रग के काले कारोबार से जुड़े कई लोग गिरफ्त में आ चुके है लेकिन इनमें से ज्यादातर छोटी मछलियां है अभी बड़े मगरमच्छों का पकड़ में आना बाकी है। बॉलीवुड में ड्रग पार्टियां आम बात हो गई थी अब ऐसी ड्रग पार्टियों की जांच पड़ताल तेज की गई है जो इससे जुड़े लोगों की छटपटाहट देखने को मिल रही है। रिया चक्रवर्ती को बचाने के लिए यही मूवी माफिया जमकर अभियान चला रहा था लेकिन रिया को गिरफ्तारी से बचाने में नकाम रहा, अब उन्हे यह डर सता रहा है कि रिया चक्रवर्ती कही उनका भी नाम न ले दें। वैसे रिया चक्रवर्ती और उसके भाई ने लगभग 2 दर्जन लोगों के नाम उगले है जिनमें फिल्मी दुनिया की नामी गिरामी हस्तियों के साथ ही राजनेता और बिल्डरों के नाम भी शामिल बताए जाते है। मजे की बात यह है कि फिल्मी दुनिया से जुड़े लोग इस मामले में आश्चर्यजनक रूप से चुप्पी साधे हुए है कुछ गिने चुने फिल्मी लोग ही इसपर खुल कर बोलने का साहस कर रहे है। इस बीच सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की धर्म पत्नी जया बच्चन जो समाजवादी पार्टी की सांसद है ने संसद में आवाज भी उठाई तो उन्होने उल्टा ही राग अलापा। जया बच्चन ने कहा कि बॉलीवुड को बदनाम किया जा रहा है कुछ लोग ऐसे है जो जिस थाली में खाते है उसी में छेद कर रहे है जाहिर है जया बच्चन ने कंगना रनौत और रवि किशन पर निशाना साधा है। कंगना रनौत लगातार ड्रग माफिया के खिलाफ मोर्चा खोल रही है वहीं रवि किशन ने संसद में इस मुद्दे को बेबाकी से उठाया था। इससे क्षुब्ध होकर जया बच्चन ने राज्यसभा में विवादास्पद वक्तव्य दिया और सरकार को मांग की है कि वह बॉलीवुड को सहयोग और संरक्षण दें, जया बच्चन के इस बयान की चौतरफा निंदा हो रही है। जया बच्चन एक राजनीतिक पार्टी से जुड़ी हुई है इसी लिए उन्होने इस तरह का बयान दिया है। बेहतर होगा कि फिल्मी दुनिया से जुड़े लोग इस तरह की विवादास्पद बयानबाजी से बचें।

विचार

हिंदी दिवस या अंग्रेजी हटाओ दिवस ?



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत सरकार को हिंदी दिवस मनाते-मनाते 70 साल हो गए लेकिन कोई हमें बताए कि सरकारी काम-काज या जन-जीवन में हिंदी क्या एक कदम भी आगे बढ़ी? इसका मूल कारण यह है कि हमारे नेता नौकरशाहों के नौकर हैं। वे दावा करते हैं कि वे जनता के नौकर हैं। चुनावों के दौरान जनता के आगे वे नौकरों से भी ज्यादा दुम हिलाते हैं लेकिन वे ज्यों ही चुनाव जीतकर कुर्सी में बैठते हैं, नौकरशाहों की नौकरी बजाने लगते हैं। भारत के नौकरशाह हमारे स्थायी शासक हैं। उनकी भाषा अंग्रेजी है। देश के कानून अंग्रेजी में बनते हैं, अदालतें अपने फैसले अंग्रेजी में देती हैं, ऊंची पढ़ाई और शोध अंग्रेजी में होते हैं, अंग्रेजी के बिना आपको कोई ऊंची नौकरी नहीं मिल सकती। क्या हम हमारे नेताओं और सरकार से आशा करें कि हिंदी-दिवस पर उन्हें कुछ शर्म आएगी और अंग्रेजी के सार्वजनिक प्रयोग पर वे प्रतिबंध लगाएंगे? यह सराहनीय है कि नई शिक्षा नीति में प्राथमिक स्तर पर मातृभाषाओं के माध्यम को लागू किया जाएगा लेकिन उच्चतम स्तरों से जब तक अंग्रेजी को विदा नहीं किया जाएगा, हिंदी की हैसियत नौकरानी की ही बनी रहेगी।

हिंदी-दिवस को सार्थक बनाने के लिए अंग्रेजी के सार्वजनिक प्रयोग पर प्रतिबंध की जरुरत क्यों है? इसलिए नहीं कि हमें अंग्रेजी से नफरत है। कोई मूर्ख ही होगा जो किसी विदेशी भाषा या अंग्रेजी से नफरत करेगा। कोई स्वेच्छा से जितनी भी विदेशी भाषाएं पढ़ें, उतना ही अच्छा! मैंने अंग्रेजी के अलावा रुसी, जर्मन और फारसी पढ़ी लेकिन अपना अंतरराष्ट्रीय राजनीति का पीएच.डी. का शोधग्रंथ हिंदी में लिखा। 55 साल पहले देश में हंगामा हो गया। संसद ठप्प हो गई, क्योंकि दिमागी गुलामी का माहौल फैला हुआ था। आज भी वही हाल है। इस हाल को बदलें कैसे? हिंदी-दिवस को सारा देश अंग्रेजी-हटाओ दिवस के तौर पर मनाए! अंग्रेजी मिटाओ नहीं, सिर्फ हटाओ! अंग्रेजी की अनिवार्यता हर जगह से हटाएं। उन सब स्कूलों, कालेजों और विश्वविद्यालयों की मान्यता खत्म की जाए, जो अंग्रेजी माध्यम से कोई भी विषय पढ़ाते हैं। संसद और विधानसभाओं में जो भी अंग्रेजी बोले, उसे कम से कम छह माह के लिए मुअत्तिल किया जाए। यह मैं नहीं कह रहा हूं। यह महात्मा गांधी ने कहा था। सारे कानून हिंदी और लोकभाषाओं में बनें और अदालती बहस और फैसले भी उन्हीं भाषाओं में हों। अंग्रेजी के टीवी चैनल और दैनिक अखबारों पर प्रतिबंध हो। विदेशियों के लिए केवल एक चैनल और एक अखबार विदेशी भाषा में हो सकता है। किसी भी नौकरी के लिए अंग्रेजी अनिवार्य न हो। हर विश्वविद्यालय में दुनिया की प्रमुख विदेशी भाषाओं को सिखाने का प्रबंध हो ताकि हमारे लोग कूटनीति, विदेश व्यापार और शोध के मामले में पारंगत हों।

देश का हर नागरिक प्रतिज्ञा करे कि वह अपने हस्ताक्षर स्वभाषा या हिंदी में करेगा तथा एक अन्य भारतीय भाषा जरुर सीखेगा। हम अपना रोजमर्रा का काम–काज हिंदी या स्वभाषाओं में करें। भारत में जब तक अंग्रेजी का बोलबाला रहेगा याने अंग्रेजी महारानी बनी रहेगी तब तक आपकी हिंदी नौकरानी ही बनी रहेगी।

बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन

तेजस्वी के लिए अकेला जाना ही होगा फायदेमंद

उपेन्द्र प्रसाद

बिहार की सच्चाई यही है कि विपक्षी वोट मुख्यतः राजद के पास ही है। यादव बिहार की सबसे ज्यादा आबादी वाली जाति है, जो लगभग पूरी तरह राजद के साथ है। मुस्लिम भी ज्यादातर राजद के साथ ही हैं। महागठबंधन की सहयोगी पार्टियां इस वोट बैंक में ज्यदा इजाफा नहीं कर पाती। यह हम लोकसभा चुनाव में देख चुके हैं। कांग्रेस के पास भी कोई जनाधार नहीं रहा। उसे भी राजद के समर्थको के बूते ही अपने उम्मीदवार जिताने हैं। सवाल उठता है कि जब उनके पास अपने जनाधार ही नहीं हैं, तो फिर राजद उन्हें सीटें देकर क्या हासिल कर लेगा? राजद की असली समस्या यह है कि गैर यादव पिछड़े अब उसको अपनी पसंद नहीं मानते। इसलिए उनका वोट पाने के लिए राजद को ज्यादा से ज्यादा टिकट उन जातियों के लोगों को देना होगा। अब यदि राजद कांग्रेस को सीटें देता है, तो कांग्रेस करीब 80 फीसदी अनारक्षित सीटों पर अगड़ी जातियों के उम्मीदवारों को उम्मीदवार बना देती है और लगने लगता है कि राजद यादवों, मुसलमानों और अगड़ी जातियों के गठबंधन का नेतृत्व कर रहा है।

बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कभी भी अब हो सकती है, लेकिन विपक्ष अभी तक गठबंधन की प्रक्रिया भी शुरू नहीं कर पाया है। पिछले चुनाव में राजद, जदयू और कांग्रेस ने एक गठबंधन किया था, जिसे महागठबंधन कहा गया था। अभी भी नाम वही है, लेकिन उसमे महागठबंधन जैसा कुछ भी नहीं है। जदयू उससे बाहर जा चुका है और पिछले लोकसभा चुनाव में राजद, कांग्रेस, हम, वीआईपी और आरएलएसपी ने आपस में गठबंधन किया था और उस गठबंधन को भी महागठबंधन कहा था। कथित महागठबंधन ने एक सीट सीपीआई(एमएल) के लिए छोड़ दी थी। अब फिर महागठबंधन तैयार करने की चर्चा है, लेकिन बात चर्चा से आगे नहीं बढ़ पाई है। जीतन राम मांझी के नेतृत्व वाला हम नीतीश कुमार के पाले में जा चुका है और इस कथित महागठबंधन में वामपंथियों को शामिल करने की भी बात हो रही है। बात तो उन्हें भी शामिल करने की हो रही है, लेकिन कांग्रेस को भी अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसे कितनी सीटें मिलेंगी और कहां कहां से उसके उम्मीदवार खड़े होंगे। वैसे उनके जो वर्तमान विधायक हैं, वे अपनी उम्मीदवारी और सीट के लिए निश्चिंत हैं।

समय बहुत कम है और गठबंधन की प्रक्रिया भी शुरू नहीं हुई है। जाहिर है, मुख्य विपक्षी राजद गठबंधन के लिए बहुत ज्यादा उत्सुक नहीं है। सबसे पहले तो विपक्षी गठबंधन द्वारा मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने पर विवाद हुआ था। लालू यादव ने स्पष्ट कर दिया था कि गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा तेजस्वी यादव होंगे। इसका अन्य साथी दलों ने विरोध किया। हम के जीतन राम मांझी ने इसे अस्वीकार्य कहा और आरएलएसपी के उपेन्द्र कुशवाहा के लोगों ने भी इसके खिलाफ बोलना शुरू कर दिया। कांग्रेस भी पीछे नहीं थी। उसने कहा कि यह सब बाद में तय किया जाएगा। वैसे उसकी

ओर से मीरा कुमार का नाम सामने आने लगा। जाहिर है, कथित महागठबंधन के घटक दलों के नेता मुख्यमंत्री के नाम पर एकमत नहीं हैं। यह समस्या तो फिर भी छोटी है। सबसे बड़ी समस्या तो सीटों का बंटवारा और पहचान है, जिन पर घटक दल लड़ेंगे। इस पर कोई बात ही नहीं शुरू हुई है। हां, राजद को छोड़कर अभी दल अपनी अपनी फरमाइश जारी कर चुके हैं। यदि उनकी फरमाइशें पूरी की गईं, तो राजद के पास लड़ने के लिए एक सीट भी नहीं बचेगी। मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव के लिए भी कोई सीट नहीं बचेगी। उनकी बड़ी फरमाइशों के कारण ही शायद तेजस्वी यादव गठबंधन के लिए ठंढे पड़े हुए हैं। वैसे कहा जा रहा है कि वे कांग्रेस के अलावा और किसी से गठबंधन करना भी नहीं चाहते। वे चाहते हैं कि अन्य दलों के उम्मीदवार या तो राजद के टिकट से चुनाव लड़े या कांग्रेस के टिकट से।

इस तरह की बात करना स्वाभाविक भी है, क्योंकि चुनाव के बाद जिस तरह का दलबदल अब देखा जा रहा है, उसे देखकर भरोसा नहीं होता कि कौन किसी दल में चला जाय। यदि जीतने वाले उम्मीदवारों की संख्या कम हो, तो फिर एक नाव से दूसरी नाव पर कूद कर जाना बहुत आसान हो जाता है। वीआईपी और आरएलएसपी नाम की दो क्षेत्रीय यह कहिए जातीय पार्टी बिहार में है। एक के नेता मुकेश सहनी हैं, तो दूसरे के उपेन्द्र कुशवाहा। एक निषाद जाति के लोगों को अपना वोट बैंक बताते हैं, तो दूसरे कोयरी जाति के लोगों को। दोनों पार्टियों को लोकसभा में भी सीटें दी गई थीं। उनमें से कोई जीत नहीं सके। खुद उनके नेता भी चुनाव हार गए। उपेन्द्र कुशवाहा तो दो जगहों से चुनाव लड़ गए थे और दोनों जगहों से हार गए। दोनों जाति नेताओं पर टिकट बेचने के भी आरोप लगे। अब यदि उन्हें विधानसभा के लिए भी टिकट दिए जाते हैं, तो वे उन्हें नहीं बेचेंगे, ऐसा दावे से कोई नहीं कह सकता। इसके अलावे वे अपनी अपनी जाति के मतदाताओं का वोट महागठबंधन उम्मीदवारों को दिला पाएंगे, ऐसा भी कोई दावा नहीं कर सकता। कोयरी मुश्किल से बिहार की कुल आबादी के 5 फीसदी होंगे और निषाद एक से दो फीसदी के बीच। और इन दोनों जातियों के लोगों के बीच यादव विरोधी भावना बहुत मजबूत है, जिसके कारण वे राजद को वोट आमतौर पर नहीं देते। मुकेश निषाद और उपेन्द्र कुशवाहा उनके वोट राजद उम्मीदवारों को दिला पाएंगे, यह कोई अज्ञानी ही कह सकता है।

बिहार की सच्चाई यही है कि विपक्षी वोट मुख्यतः राजद के पास ही है। यादव बिहार की सबसे ज्यादा आबादी वाली जाति है, जो लगभग पूरी तरह राजद के साथ है। मुस्लिम भी ज्यादातर राजद के साथ ही हैं। महागठबंधन की सहयोगी पार्टियां इस वोट बैंक में ज्यदा इजाफा नहीं कर पाती। यह हम लोकसभा चुनाव में देख चुके हैं। कांग्रेस के पास भी कोई जनाधार नहीं रहा। उसे भी राजद के समर्थको के बूते ही अपने उम्मीदवार जिताने हैं। सवाल उठता है कि जब उनके पास अपने जनाधार ही नहीं हैं, तो फिर राजद उन्हें सीटें देकर क्या हासिल कर लेगा? राजद की असली समस्या यह है कि गैर यादव पिछड़े अब उसको अपनी पसंद नहीं मानते। इसलिए उनका वोट पाने के लिए राजद को ज्यादा से ज्यादा टिकट उन जातियों के लोगों को देना होगा। अब यदि राजद कांग्रेस को सीटें देता है, तो कांग्रेस करीब 80 फीसदी अनारक्षित सीटों पर अगड़ी जातियों के उम्मीदवारों को उम्मीदवार बना देती है और लगने लगता है कि राजद यादवों, मुसलमानों और अगड़ी जातियों के गठबंधन का नेतृत्व कर रहा है। (संवाद)

सभ्य समाज में ऐसी राजनीति स्वीकार्य नहीं

डॉ नीलम महेंद्र

जब सरकार विरोधी रिपोर्टिंग करने के कारण कुछ पत्रकारों को जेल में डाल दिया जाता है।जब सोशल मीडिया पर सरकार विरोधी कुछ सामग्री पोस्ट करने के कारण किसी दल विशेष के कार्यकर्ता एक पुर्व नौसेना अधिकारी पर हिंसक आक्रमण करते हैं। तो एक आम आदमी की नज़र में अभिव्यक्ति की आज़ादी, लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान के प्रति आस्था, न्यायालय के आदेशों का सम्मान जैसे शब्दों की नींव ही हिल जाती है। आज जब उस देश में एक महिला के लिए सत्तारूढ़ दल के एक नेता द्वारा आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया जाता है तो जिन महिला अधिकारों महिला सशक्तिकरण महिला अस्मिता जैसे शब्दों का प्रयोग तथाकथित लिबरलस द्वारा किया जाता है उन शब्दों का खोखलापन उभर कर सामने आ जाता है।

महाराष्ट्र की राजनीति में इस वक्त भूचाल आया हुआ है। जिस प्रकार से बीएमसी ने अवैध बताते हुए नोटिस देने के 24 घंटो के भीतर ही एक अभिनेत्री के दफ्तर पर बुलडोजर चलाया और अपने इस कारनामे के लिए कोर्ट में मुंह की भी खाई उससे राज्य सरकार के लिए भी एक असहज स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे बचने के लिए भले ही शिवसेना कहे कि यह बीएमसी का कार्यक्षेत्र है और सरकार का उससे कोई लेना देना नहीं है लेकिन उस दफ्तर को तोड़ने की टाइमिंग इस बयान में फिट नहीं बैठ रही। क्योंकि बीएमसी द्वारा इस कृत्य को ऐसे समय में अंजाम दिया गया है जब कुछ समय से उस अभिनेत्री और शिवसेना के एक नेता के बीच जुबानी जंग चल रही थी। लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि पूरी मुंबई अवैध निर्माण अतिक्रमण और जर्जर इमारतों से त्रस्त है। अतिक्रमण की बात करें तो चाहे मुंबई के फुटपाथ हों चाहे पार्क कहाँ अतिक्रमण नहीं है? और जर्जर इमारतों की बात करें तो अभी लगभग दो महीने पहले ही मुंबई में दो जर्जर इमारतों के गिरने से कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा और कितने ही घायल हो गए। बरसात के मौसम में मुंबई का डूबना तो अब खबर भी नहीं बनती लोग इसके आदि हो चुके हैं। फिर भी कोरोना काल और मानसून के इस मौसम में एक विशेष बिल्डिंग के निर्माण में कानून के पालन को निश्चित करने में बीएमसी की तत्परता ने पूरे देश को आकर्षित कर दिया। दरअसल यहाँ बात एक अभिनेत्री की नहीं बल्कि बात इस देश के किसी भी नागरिक के संवैधानिक अधिकारों की है। बात किसी तथाकथित अवैध निर्माण को गिरा देने की नहीं है बल्कि बात तो सरकार की अपने देशवासियों के प्रति दायित्वों की है। हमारे यहाँ कहा जाता है, प्रजासुखे सुखं राज्ञः प्रजानां तु हिते हितं।÷ अर्थात प्रजा के सुख में राजा का सुख है प्रजा के हित में राजा का हित है। भारत एक ऐसा देश है जो सदियों गुलामी की जंजीरों में जकड़ा रहा और जिसकी पीढ़ियों ने इस आज़ादी के लिए संघर्ष किया। आज जब उस आज़ाद देश में एक ऐसा अपराधी जो मोस्ट वांटेड है उसकी प्रॉपर्टी सीना ताने खड़ी रहती है लेकिन एक टैक्सपेयर की बिल्डिंग तोड़ दी जाती है। जब कोर्ट द्वारा उस अपराधी की 80 साल पुरानी जर्जर एवं अवैध बिल्डिंग को नेस्तनाबूद करने के एक साल पुराने आदेश के बावजूद मानसून का हवाला देकर उसे हाथ तक

राजनैतिक दृष्टि से भी महाराष्ट्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे यह कदम अपरिपक्वता ही दर्शाते हैं क्योंकि कंगना को भी पूरी तरह सही नहीं कहा जा सकता।

नहीं लगाया जाता। जब 30 सितंबर तक कोरोना के चलते किसी भी तोड़ फोड़ पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाई जाने के बावजूद एक महिला की बिल्डिंग पर बुलडोजर चला दिया जाता है। जब सरकार विरोधी रिपोर्टिंग करने के कारण कुछ पत्रकारों को जेल में डाल दिया जाता है।जब सोशल मीडिया पर सरकार विरोधी कुछ सामग्री पोस्ट करने के कारण किसी दल विशेष के कार्यकर्ता एक पुर्व नौसेना अधिकारी पर हिंसक आक्रमण करते हैं। तो एक आम आदमी की नज़र में अभिव्यक्ति की आज़ादी, लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान के प्रति आस्था, न्यायालय के आदेशों का सम्मान जैसे शब्दों की नींव ही हिल जाती है। आज जब उस देश में एक महिला के लिए सत्तारूढ़ दल के एक नेता द्वारा आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया जाता है तो जिन महिला अधिकारों महिला सशक्तिकरण महिला अस्मिता जैसे शब्दों का प्रयोग तथाकथित लिबरलस द्वारा किया जाता है उन शब्दों का खोखलापन उभर कर सामने आ जाता है। राजनैतिक दृष्टि से भी महाराष्ट्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे यह कदम अपरिपक्वता ही दर्शाते हैं। क्योंकि कंगना को भी पूरी तरह सही नहीं कहा जा सकता। जिस प्रकार की भाषा और जिन तेवरों का प्रयोग वो महाराष्ट्र और वहाँ की सरकार के लिए लगातार कर रही थीं वो निश्चित ही अपमानजनक थे। हो सकता है वो जानबूझकर किसी मकसद से ऐसा कर रही हों। लेकिन सत्ता में रहते हुए गुंडागर्दी करना किसी भी परिस्थिति में जायज नहीं ठहराए जा सकते।महाराष्ट्र सरकार की गलती यही रही कि वो कंगना की चाल में फंस गई और कंगना ने पब्लिक की सहानुभूति हासिल कर ली। जबकि महाराष्ट्र सरकार अगर राजनैतिक दूरदृष्टि और समझ रखती तो कंगना की इस राजनीति का जवाब राजनीति से देती अपशब्दों और हिंसा से नहीं। इस प्रकार की हरकतों से शिवसेना ने अपना कितना नुकसान किया है उसे शायद अंदाज़ा भी नहीं है। कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाना, सुशांत केस में महाराष्ट्र पुलिस की कार्यशैली, और अब कंगना के बयानों पर हिंसक प्रतिक्रिया। कहते हैं लोकतंत्र में जनभावनाओं को समझना ही जीत की कुंजी होती है लेकिन शिवसेना लगातार अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रही है। 1966 में बनी एक पार्टी जिसकी पहचान आजतक केवल एक क्षेत्रीय दल के रूप में है। वो पार्टी जो अपने ही गढ़ महाराष्ट्र में भी एक अल्पमत की सरकार चला रही है। ऐसी पार्टी जो आजतक महाराष्ट्र से बाहर अपनी जमीन नहीं खड़ी कर पाई। एक ऐसी पार्टी जिसकी लोकसभा में उपस्थित मात्र 3.3त्न है, अपनी इन हरकतों से कहीं महाराष्ट्र में भी अपनी बची कुची जमीन ना गंवा बैठे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हिंदी हिंदी कर रहे

हिंदी हिंदी कर रहे,राष्ट्र धर्म भूल रहे । नेता बैठे डोल रहे, राजनीति कीजिये ।। बहु-अल्प सोच जगे,क्षेत्र-वाद फूल लगे । वोट-बैंक देख कर,अग्नि अब दीजिये ।। बहु-भाषी सोच रखे, दिल पर मोच रखे । हमें-तुम्हे लड़ाकर, एक मंत्र खोजिये।। जन-जन बोल उठे,कुर्सी तंत्र तोड़ चुके। एक देश एक भाषा,हिंदी पढ़ लीजिये। - नवीन कुमार

चन्द्र चितवन से

चन्द्र चितवन से नयन, हृदय में उजली किरन, केश नभ में काले घन, वायु सा शीतल है मन, तुम कवि की कल्पना, साकार करती हो सृजन! अप्रतिम छवि निहार के, पल्लवित पुष्पित है ये मन! एक सागर प्रेम का तुम,तुम से ही बंधित है मन! हँसते तुम्हारे मौन से, श्रंगार का होता सृजन !

- कुलदीप मिश्रा

खास पाती | हे मित्रों, निश्चय ही हमें

हे मित्रों, निश्चय ही हमें, आपको मुख-पोथी (फेसबुक) के माध्यम से हिंदी भाषा का पुनः अवलोकन हुआ, अन्यथा हिंदी विलुप्त होती जा रही थी.! या संक्षेप मे कहें जो मात्र शेष है , वो मिश्रित है, कहीं उर्दू चरण पखारे हैं , तो कहीं अंग्रेजी शीर्ष पर विराजमान हैं, अपने अस्तित्व की रक्षा हेतु कातर हिंदी भाषी है, अपनों की सानिध्य, अपनों के स्नेह की अभिलाषी है, अपनी ज्ञानइन्द्रियों के चक्षु खोलिए , वर्तमान में भी हिंदी भाषा पर सु दृष्टि बनाए रखिए। - किरन भण्डारी

लगते अँधे बहरे लोग सागर

लगते अँधे बहरे लोग सागर जैसे गहरे लोग ले जायेंगे जान किसी दिन गयी रात तक ठहरे लोग खेल तमाशा करते रहते कद के बड़े छरहरे लोग सोंधी मिट्टी की खुशबू के बखरे लगे सुनहरे लोग खेल चुके हैं अपनी पारी हम पर डाले पहरे लोग भूखे मन को ओस चटातेदेंह तरंगित लहरें लोग आना जाना क्रिया बराबर करते सौ सौ नखरे लोग बूढ़ी पथराई आँखों से फेर रहे हैं नजरें लोग एक पक्ष या एक तिथि में अंजुरी जल पी हहरे लोग। - नरेन्द्र पाण्डेय

नाराज हूं प्राइमरी के उन अध्यापकों

नाराज हूं प्राइमरी के उन अध्यापकों से जो नन्हे मुन्नो की शिक्षा पर समुचित ध्यान नही देते आज कितने ही पढ़े लिखे बच्चों को बेसिक जानकारी नही है जरा सा जोड़ घटाना हो तुरंत खोलते हैं कलकुलेटर या फिर झांकते हैं बगले ककहरा मे भी खाली सही शिक्षक दिवस याद दिलाना है उनकी ड्यूटी।

- सुनिता पुष्पराज पाण्डेय

उस किसी भी रोज़ जब खुद को

उस किसी भी रोज़ जब खुद को बेशुमार देखने का मन होता है तुम्हारी डायरी पलटती रहती हूँ .... घंटों तक। खुद को बहलाना क्या मुश्किल है? जहाँ ना मिलने की उम्मीद हो उन्ही पन्नों पर घंटों तक दस्तक देना भी तो इबादत ही है। बंद दरवाज़े के उस पार कोई नहीं और इस पार सिर्फ मैं ही मैं... देखो .....हुई ना मैं बेशुमार ? चाहनाएँ पूरी हो जाएं तो प्रेम मर जायेगा। डायरी को इंतज़ार कराना ठीक नहीं। - कल्पना पाण्डेय

जुदाई का ग़म सहा नहीं

जुदाई का ग़म सहा नहीं है। कि इश्क़ तुमको हुआ नहीं है।। विसाल अपना न हो सका पर। नसीब का फ़ैसला नहीं है।। निग़ाहों ने की कुबूल चाहत। जुबाँ ने तो कुछ कहा नहीं है।। फ़क़त सताने की कोशिशें जाँ। अदावतें है अदा नहीं है।। है ज़िंदगी यूँ तो खूबसूरत। बिना तुम्हारे मजा नहीं है।। तुम्हें यकीं है भला नहीं पर। अनिल यूँ इतना बुरा नहीं है। - अनिल शर्मा

सत्य था या स्वप्न, बहता सा क्यों



सत्य था या स्वप्न, बहता सा क्यों संगीत है? दूर है वो चांद सा, चांदनी सी उसकी प्रीत है, अनुभूति ने मन पर, लिख दिया न जाने क्या? शब्द-शब्द हुआ प्यासा, अर्थ फिर भी तृप्त है!-मधु शर्मा कटीहा

यादों के साथ बढ़ते गए हर लम्हें

यादों के साथ बढ़ते गए हर लम्हें हर पल में बदलते गए सिखते गए और सिखलाते गए नए दौर में भी देश क्या विदेश में भी लौहा अपनी हिन्दी भाषा का मनवाते गए हिंदी से हम हैं बस सिखलाते गए यादों के साथ बढ़ते गए।

- सोनू कुमार आकाश

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ में स्वतंत्र शिक्षा विभाग की स्थापना किस वर्ष की थी? (वर्ष 1910 / वर्ष 1925)

2) छत्तीसगढ़ में ज्ञान की राजधानी किसे कहा जाता है? (भिलाई / बिलासपुर / रायपुर)

3) छत्तीसगढ़ निर्माण के समय कितने तहसील और विकासखंड थे?

4) छत्तीसगढ़ फ्यूडेटरी स्टेट गजेटियर कब प्रकाशित हुआ था?

5) आदिवासी समाज में मद्य निषेध आन्दोलन किसने चलाया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- 1) 1910 (2) भिलाई (3) 96 तहसील और 146 विकासखंड (4) 1909 (5) राजमोहिनी देवी

आज का इतिहास

नई दिल्ली। 1775- ब्रिटेन ने दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन शहर पर कब्जा किया। 1810- निगवेल हिदाल्गो ने स्पेन से मेक्सिको की आजादी के लिए संघर्ष शुरु किया। 1821- मेक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली। 1848- फ्रांसीसी उपनिवेश से दास प्रथा खत्म की गई। 1861- ब्रिटेन में पोस्ट ऑफिस में बचत खाता खोलने की शुरुआत। 1880- ब्रिटिश लेखक, कवि और नाटककार अलफ्रेड नॉयस का जन्म। 1908- जनरल मोटर्स निगम की स्थापना की गई। 1916- प्रसिद्ध भारतीय गायिका एम एस सुब्बालक्ष्मी का जन्म। 1931- भारतीय क्रिकेट अंपायर आर. रामचंद्र राव का जन्म। 1947- टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।

हर किसी का अपना सपना जॉन अब्राहम

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में नेपोटिज्म को लेकर जारी बहस के बीच माचो मैन जॉन अब्राहम ने युवा कलाकारों को खुद के लिए रास्ता बनाने की सलाह दी है। सुशांत सिंह राजपूत के निधन के बाद से ही इंडस्ट्री में फैले नेपोटिज्म को लेकर बहस छिड़ी हुयी है। जॉन अब्राहम ने नेपोटिज्म पर अपनी राय रखी है। जॉन अब्राहम ने कड़ी मेहनत कर खुद के लिए इंडस्ट्री में जगह बनाई है। जॉन ने इनसाइडर-आउटसाइडर की तुलना ट्विटर ट्रेंडिंग टर्म से की। जॉन अब्राहम ने कहा, ÷हर किसी का अपना सफ्र होता है। अपने चैलेंजेज होते हैं और यहां इस इंडस्ट्री में केवल दो विकल्प हैं, या तो काम करो या फ्रि बैठकर बस जहर घोलते रहो। जब मैंने अपने मॉडलिंग करियर की शुरुआत की थी तो मैं एक आउटसाइडर ही था। नए लोग जो इंडस्ट्री में आ रहे हैं और जो युवा यहां आने की प्लानिंग कर रहे हैं वे सभी खुद के लिए नया रास्ता ढूंढें।

अमिताभ बनेंगे एलेक्सा की आवाज, लोगों को देंगे सलाह

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन एलेक्सा की आवाज बनकर आम जनता से जुड़कर लोगों को सलाह देते नजर आयेंगे। अमेजन ने अपनी नई योजना के लिए अमिताभ बच्चन से पार्टनरशिप की है। अमेजन की वॉइस असिस्टेंट सर्विस एलेक्सा के लिए पहली बार कोई भारतीय सेलेब्रिटी अपनी आवाज देता नजर आएगा। इसका नाम रखा गया है 'बच्चन एलेक्सा' । इसके जरिये अमिताभ लोगों को चुटकुले, मौसम का हाल, सलाह, शायरी और कविताएं सुनाते नजर आएंगे। इस सर्विस को 2021 से शुरू किया जाएगा, जिसके लिए यूजर्स को भुगतान करना होगा। 'बच्चन एलेक्सा' से बात करने के लिए आपको बस यह कहना होगा, ÷एलेक्सा से हैलो टू मिस्टर बच्चन अमिताभ बच्चन ने अमेजन के साथ अपनी पार्टनरशिप को लेकर कहा, ÷टेक्नोलॉजी ने हमेशा मुझे नए चीजों से जुड़ने का अवसर दिया है। चाहे वो फिल्म, टीवी शोज, पॉडकास्ट या फ्रि कुछ और हो, मैं इस सुविधा को अपनी आवाज देने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।

फिल्म इंडस्ट्री करण जौहर या उसके पापा ने नहीं बनाई-कंगना

नई दिल्ली। कंगना रनौत सोमवार को अपने मनाली वाले घर पहुंच गई हैं। घर पहुंचने के बाद से कंगना ट्विटर पर काफी एक्टिव हैं और सभी यूजर्स के जवाब दे रही हैं। अब हाल ही में एक यूजर का जवाब देते हुए कंगना ने फ्रि करण जौहर पर निशाना साधा है। दरअसल, एक यूजर ने ट्वीट किया, 'कंगना रनौत जी आप सबके संघर्षों को गाली देकर, सबके ऊपर निशाना साधकर आगे बढ़ना चाहती हैं? करण जौहर हों या अन्य फिल्म निर्माता सभी लोगों की सामूहिक मेहनत से ये भारतीय फिल्म इंडस्ट्री खड़ी हुई है, कोई भी इंडस्ट्री आपकी तरह सबको गाली देकर 1-2 दिन में खड़ी नहीं हो जाती।' कंगना ने यूजर को जवाब देते हुए लिखा, 'इंडस्ट्री सिर्फ करण जोहर/उसके पापा ने नहीं बनाई। बाबा साहेब फाल्के से लेकर हर कलाकार और मजदूर ने बनाई है।

इमरान की 'हरामी' बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी की आने वाली फिल्म 'हरामी' बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में रिलीज होगी। इमरान हाशमी की फिल्म 'हरामी' का पोस्टर रिलीज़ कर दिया गया है। इमरान ने अपने ट्विटर अकाउंट पर फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया है जिसके साथ उन्होंने लिखा है, ÷हरामी फर्स्ट लुक÷।

फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर 25 अक्टूबर 2020 को दक्षिण कोरिया में बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस फिल्म के निर्देशक श्याम मदीराजू हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म 'हरामी' एक ऐसे किरदार की कहानी है जो मुंबई की लोकल ट्रेनों में घूमता है और किसी गैंग के लिए काम करता है। लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आता है जब एक महिला आत्महत्या करने वाली होती है, और इसके बाद पूरी कहानी बदल जाती है। निर्देशक श्याम मदीराजू ने कहा, ÷एक फिल्ममेकर होने के नाते मैं बहुत खुश हूं कि फिल्म 'हरामी' को बुसान फेस्टिवल के मेन कंपटीशन सेक्शन का हिस्सा बनने के लिए चुना गया है। कोरिया अभी फिल्म निर्माण दुनिया का केंद्र बन चुका है। इसलिए उनके फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनना हमारे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। इमरान हाशमी ने बताया कि उन्होंने यह रोल और इस प्रोजेक्ट को क्यों चुना। उन्होंने कहा, ÷श्याम की स्क्रिप्ट ने मुझे उनके प्रोजेक्ट के प्रति आकर्षित किया। फेस्टिवल के मेन कंपटीशन सेक्शन में चुने जाने के लिए श्याम और उनकी हरामी टीम को बधाई।

कैस्ट्रॉल ऐक्टिव ने आयुष्मान खुराना के साथ मिलकर युवाओं से की अपील

मुंबई। विश्व में टू.व्हीदलर के सबसे बड़े बाजार में से एकए भारत को इसके बाइक डॉक्टार्स या मैकेनिक समुदाय ने गतिशील बनाए रखा है। टू.व्हीवलर्स के लिए भारत के प्रमुख इंजन ऑयल ब्रांड कैस्ट्रॉल ऐक्टिव ने आज को लॉन्च किया। यह एक राष्ट्रीय अभियान है जो भारत के बाइकर्सए खासतौर से युवाओं से कोविड महामारी के इस अप्रत्यारशित समय में मैकेनिकों के कौशल को बढ़ाने में समर्थन करने का संकल्पय लेने की अपील करता है। कैस्ट्रॉ ल ऐक्टिव का मैकेनिकों के समुदाय से काफी गहरा रिश्ताल रहा है।

नेटवर्क18 व माइंडशेयर के साथ सहयोग में परिकल्पित एवं विकसित इस पहल को बॉलीवुड अभिनेता

आयुष्मौन खुराना द्वारा एंडोर्स किया जा रहा है। इसका लक्ष्यय लॉकडाउन के बाद देश के धीरे.धीरे खुलने के साथ न्यूस नॉर्मल को अपनाने के लिए मैकेनिकों को शिक्षित एवं तैयार करना है। कैस्ट्रॉल ऐक्टिव 50 लाख रुपये तक का निवेश करेगा और मैकेनिकों के कौशल को बेहतर बनाने के लिए मिले हर संकल्प पर 10 रुपये का योगदान करेगा। इसके तहत चलाए जा रहे शैक्षिक कार्यक्रम उन्हें नई तकनीकों व सर्विस की आधुनिकतम तकनीकों को सिखाने में मदद करेंगे। साथ ही उन्हें अपने बिजनेस की दोबारा शुरुआत करने पर अपनी वर्कशॉप्सक के लिए स्वास्थ्यए सफाई और सुरक्षा के ज्या5दा बेहतर उपायों की गहरी समझ

CHHATTISGARH HOUSING BOARD
Capital Project Dn.-1, Nava Raipur Atal Nagar (Ph.:0771- 2971300)

TENDER NOTICE

Advt. No. - 05

Invitation of online bids in Form "F" (Lump-sum Contract) from eligible Contractors as per NIT and registered class-"B" and Above Registered Contractor with Unified Registration System with C.G. PWD for the following work as per Detail given below:-

(1) Name of work: DEVELOPMENT OF PARK INCLUDING PLAY AND SPORTS ACTIVITIES, LANDSCAPING WORK IN FOUR DIFFERENT LOCATION AT SECTOR-29 NAVA RAIPUR ATAL NAGAR (C.G.)

Tender Amount : **Rs. 390.00 Lacs**
Earnest Money : **Rs. 3,90,000.00**
Cost of tender form : **Rs. 15,000.00**
Period of Completion : **06 Month** (i/c Rainy Season) and Maintenance Period after Completion **03 Years.**

Note:- (1) The bid document can be download and submission of bid from website http://eproc.cgstate.gov.in up to date 16-10-2020
(2) Any Other Information regarding works can be obtained from the office of the Executive Engineer, Capital Project Division -1, Nava Raipur Atal Nagar during the office Hours.
(3) Amendment in tender if any will only be uploaded on the website and shall not be published in any news paper or inform by mail to any contractor.

Samvad- 26467/2 **Executive Engineer**

भारत मे टेलीमेडिसिन आवश्यक और सस्ता उपाय : डॉ. शिवहरे

रायपुर (नव प्रदेश)। कोरोना काल की महामारी ने पूरे विश्व में टेलीमेडिसिन की उपयोगिता एवम ज़रूरत को ना सिर्फ सिद्ध किया बल्कि चिकित्सकीय परामर्श प्रणाली में एक नवोदित और समायोचित आयाम की तरह खड़ा कर दिया है। कोरोना काल में चारोओर अव्यवस्था और भय का माहौल था तब रायपुर (छ.ग.) के मधुमीत डायबिटीज हॉस्पिटल और मेधावी मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ राका शिवहरे डॉ एवं शिखा जायसवाल और इंदौर से डॉ भरत साबू ने टेलीमेडिसिन पे अपना रिसर्च पेपर लिखा और जो विश्व की ख्यातनाम कांफ्रेंस यूरोपियन सोसायटी ऑफ इंडोक्रिनोलोजी में प्रकाशित हुआ और संभवत भारत से इस विषय मे प्रकाशित होने वाला पहला शोधपत्र बना। अंचल के इन मेधावी डॉक्टरों ने करीब 500 मरीजो पे रिसर्च करके यह बताया कि भारत जैसी अर्थव्यवस्था वाले देश में टेली मेडिसिन कितनी उपयोगी सिद्ध हो सकती है। अब जबकि देश में करीब करीब हर घर में टेक्नोलोजी, मोबाइल और इंटरनेट का अच्छा उपयोग करने लगे है और लोगों को सोशल मीडिया की भी अच्छी जानकारी हो गई है साथ ही लोग कार्ड फोन पे, ई पेमेंट भी करना सीखते जा रहे है, तो वो दिन दूर नही जब घर बैठे ही वो

किसी भी बड़े डॉ से अपने फोन पर ही समाधान की सुविधा का फायदा उठाने में भी सक्षम हो जाएंगे। इस तरह अच्छे और सुपरस्पेशलिस्ट डॉ. जो कि बड़े शहरों में ही अपनी सुविधाएं दे पाते है वो भी इंटरनेट की मदद से समयानुकूल समाधान दे पाएंगे। डॉ. राका शिवहरे ने बताया कि यह स्टडी उन्होंने पूर्ण कोरोना लोक डाउन के कठिन समय में 1 अप्रैल 2020 से 15 मई 2020 के दौरान सर्वे करके की, जब मरीजो के अंदर कोरोना को लेके बहुत आशंकाए थी और वो अपनी पुरानी बीमारियों के लिए भी विशेषतः चिंतित थे। ऐसे समय पे फ़ोन पे, वीडियो कॉल पे और व्हाट्स एप्प पे बात करने के अलावा कोई चारा नही था और ऐसी निराशा के समय पे टेलीमेडिसिन प्लेटफार्म एक बेहतर मेडिकल नर्सिंग केयर सखा बनके उभरा।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/ स) संभाग, बेमेतरा

क्र. 4447/ एनआईटी क्र. 29/2020-2021/ संशोधन क्रमांक 1 ( ) दिनांक 11/09/2020

इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 4375 दिनांक 07/09/2020 में निविदा संबंधी प्रक्रिया की निर्धारित तरीखों को परिवर्तित कर निम्नानुसार पढ़ा जावे।

विवरण	पूर्व में सूचित दिनांक	संशोधित दिनांक
निविदा हेतु आवेदन की अंतिम दिनांक	14/09/2020	21/09/2020
निविदा प्राप्ति की अंतिम दिनांक	17/09/2020	25/09/2020
निविदा खोलने की दिनांक	18/09/2020	26/09/2020

इसके अतिरिक्त निविदा संबंधी अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

जी-83669/3

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल , संपदा प्रबंधन राजधानी परियोजना प्रक्षेत्र, रायपुर

सर्व साधारण को सूचित किया जता है कि नीचे दर्शाये गये आबंटियों को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित भू-खण्ड/ भवन को फ्री होल्ड के लिये निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आबंटी का नाम	पिता/ पति का नाम क्रमांक	आयु	कॉलोनी का नाम	भूखण्ड/ भवन
1	2	3	4	5	6
1	डॉ. भारती यजुर्वेदी	स्व. श्री विश्वनाथ यजुर्वेदी	62	सेक्टर -27 नवा रायपुर अटल नगर	पी2ए-313
2	श्री सुयोग्य कुमार मिश्र एवं श्रीमती इंदिरा मिश्र	स्व. श्री दमोदर मिश्र/ श्री सुयोग्य कुमार मिश्र	76 74	-- तदैव--	पी3बी-823
3	श्री तोषपाल उपाध्याय	स्व. श्री मनीलाल उपाध्याय	75	--तदैव--	पी2बी-416
4	श्री नवीन तिवारी	श्री बी.एन. तिवारी	44	-- तदैव--	पी3बी-30
5	श्री प्रकाश कुमार चन्दोरकर	श्री सी.आर. चन्दोरकर	49	--तदैव--	एफ1बी-02-303
6	श्री किशोर कुमार जोशी	स्व. श्री गोविंद राव जोशी	67	--तदैव--	एफ1बी-04-306
7	श्री शिव कुमार सोनकर	श्री दयाराम सोनकर	46	--तदैव--	एफ2बी-31/502

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन राजधानी परियोजना प्रक्षेत्र, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, कबीरधाम (छ.ग.)

नि.सू.क्र. 22 त.शा./का. अ./ लो.स्वा.यां. खंड/ 2020 कबीरधाम, दिनांक 05/09/2020

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

मुहरबंद निविदायें नीचे उल्लेखित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' प्रतिशत दर में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में ई-पंजीयन प्रणाली की 'द' एवं उच्च श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों से स्पीट पोस्ट द्वारा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र क्रय करने के लिये खण्ड कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22.09.2020 समय 5:30 बजे तक

निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 24.09.2020 समय 5:30 बजे तक

कार्य का विवरण:-

समुह क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (रू. लाख में)
01	कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला के पोण्डी समुह जल प्रदाय योजनांतर्गत आई टाईप क्वाटर निर्माण का कार्य समस्त सामग्री एवं मजदूरी व्यय इत्यादि सहित।	रूपये 04.99 लाख
02	कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला के पोण्डी समुह जल प्रदाय योजनांतर्गत आई टाईप क्वार्टर निर्माण का कार्य समस्त सामग्री एवं मजदूरी व्यय इत्यादि सहित।	रूपये 04.99 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
कबीरधाम (छ.ग.)

जी- 83663/2

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई
मदरटेरेसा नगर जोन क्र. -3
निविदा सूचना

क्र. लो.क.वि./न.नि./2020/ 2576/197 भिलाई, दिनांक 14.09.2020

आयुक्त नगर निगम भिलाई द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु दिनांक 06.10.2020 को सायं 5:30 बजे तक मुहरबंद निविदा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 7.10.2020 को प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन दिनांक 28.09.2020 को सांय 5.30 बजे इस कार्यालय में आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा किया जाना अनिवार्य होगा।

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत लाख	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि
1	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र.-21 मां मनिकम्मा भवन का संधारण एवं शौचालय निर्माण कार्य।	1.15	2000.00	300.00	60 दिन
2	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र.-25 केम्प-02 के दुबेलिया साहू समाज एवं महिला सेवा समिति भवन में बोर खनन कार्य।	1.20	2000.00	300.00	45 दिन
3	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. -22 सूर्या नगर पंप हाउस का नवीनीकरण कार्य।	1.70	2000.00	300.00	45 दिन
4	मूलभूत सुविधा वार्ड क्र. 21 गुरूद्वारा के पास पंप हाउस का नवीनीकरण कार्य।	1.70	2000.00	300.00	45 दिन
5	मूलभूत सुविधा अंतर्गत जोन क्र. 3 कार्यालय में शौचालय संधारण कार्य।	2.70	3000.00	750.00	60 दिन
6	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 22 राष्ट्रीय आपदा मोचन बल क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र भिलाई कैम्प का संधारण कार्य।	2.98	3000.00	750.00	60 दिन
7	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 21 मोहन टेंट हाउस के पास सीसी रोड संधारण कार्य।	3.00	3000.00	750.00	60 दिन
8	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र. 46 सेक्टर-03 के बीटीआई मैदान की चेनलिंक फेसिंग संधारण कार्य।	3.00	3000.00	750.00	60 दिन
9	मूलभूत सुविधा अंतर्गत जोन क्र.-3 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में सीसी रोड संधारण कार्य।	10.00	3000.00	750.00	60 दिन
10	मूलभूत सुविधा अंतर्गत जोन क्र.- 3 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में आरसीसी नाली एवं पुलिया संधारण कार्य।	10.00	3000.00	750.00	60 दिन
11	मूलभूत सुविधा अंतर्गत वार्ड क्र.- 47 सेक्टर-01 सड़क-19 में मंच संधारण कार्य।	3.00	3000.00	750.00	45 दिन
12	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड क्र.-24 दुर्गा पारा न्यू गणेश चौक के पास आर.सी.सी. नाली संधारण कार्य।	1.19	2000.00	300.00	45 दिन

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर निगम भिलाई के वेबसाइट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाइट www.uad.cg.gov.in चिप्स की वेबसाइट eproc.cgstate.gov.in और bhilai.urbanecg.gov.in से देखी जा सकती है।

धरोहर राशि एफ.डी.आर. के रूप में जोन आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई एवं संबंधित ठेकेदार के नाम से किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी, जमा करना होगा तथा प्रत्येक कार्य के लिये जीवित ठेकेदारी ई-पंजीयन, जीएसटी प्रमाणपत्र, पेनकार्ड/ आयकर प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति, जीवित साल्वेंसी की छायाप्रति एवं नोटरी से जारी (100/रू.) का शपथ पत्र की मूलप्रति, लिफाफा ''क'' में प्रस्तुत करना है एवं निविदाप्रपत्र दर सहित लिफाफा ''ख'' में प्रस्तुत करना होगा।

संपत्तिकर भू माटक की राशि निगम कोष में जमा कर विकास कार्यों में सहयोग करें। जल ही जीवन है, जल का सदुपयोग करें उसे व्यर्थ न बहाएं। स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई।

जोन आयुक्त
जोन -3
नगर पालिक निगम, भिलाई

10 करोड़ से ज्यादा सस्ते स्मार्टफोन बाजार में उतारेगी रिलायंस जियो

नई दिल्ली। चीनी मोबाइल कंपनियों पर निर्भरता खत्म करने और देश में ही सस्ते 4जी स्मार्टफोन का निर्माण करने के लिए देसी कंपनियों ने कमर कस ली है। उद्योग सूत्रों के अनुसार, भारती एयरटेल और रिलायंस जियो ने देसी मोबाइल कंपनियों से साझेदारी कर 1000 से 2500 रुपये तक के स्मार्टफोन लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार, एयरटेल ने स्थानीय ब्रैंड्स के साथ मिलकर लॉक्ड और अनलॉक्ड दोनों तरह के स्मार्टफोन लाने की तैयारी की है। हालांकि, भारत में लॉक्ड डिवाइस का बहुत ज्यादा चलन नहीं है। वहीं, यूएस और कई दूसरे पश्चिमी देशों में टेलिकॉम ऑपरेटर्स स्मार्टफोन कंपनियों के साथ मिलकर ऐसे फोन लाती हैं जो टैरिफ प्लान या मंथली

पेमेंट ऑप्शन के साथ आते हैं। अब भारती एयरटेल भी भारत में ऐसे ही फोन ला सकती है। वहीं, रिलायंस जियो जल्द ही 10 करोड़ से ज्यादा सस्ते स्मार्टफोन लाने जा रही है। यह ऐंड्रायड स्मार्टफोन होंगे और इनके साथ में डेटा पैक्स भी शामिल होगा। सूत्रों ने बताया कि रिलायंस जियो ऐंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर काम करने वाले 10 करोड़ से ज्यादा सस्ते स्मार्टफोन की मैनुफैक्चरिंग करना चाहती है।

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति शास. चिकित्सा महाविद्यालय संबंध चिकित्सालय डिमरापाल जगदलपुर, जिला- बस्तर (छ.ग.)

क्रमांक/ निविदा/ सं.सं./ 2020/ 12407 जगदलपुर, दिनांक- 11/9/2020

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

स्व. बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय में स्थापित कोविड-19 चिकित्सालय 200 बेड एवं शा.चि.महा. संबंद्ध चिकित्सालय डिमरापाल जगदलपुर के लिए वर्ष 2020-21 हेतु हाऊस कीपींग सामग्री (स्क्रबर ड्रायर)/ वाटर प्यूरीफायर क्रय हेतु निर्माता कंपनी, अधिकृत विक्रेता, वाणिज्य एवं आयकर विभाग में पंजीकृत संस्थाओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन पत्र, संस्था का पंजीयन एवं पेन कार्ड की अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ रूपये 1000/- (एक हजार मात्र) नगद भुगतान कर दिनांक 25/09/2020 के शाम 5 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किय जा सकते हैं।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 25.09.2020 शाम 5 बजे तक
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 30.09.2020 दोपहर 2 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि - 30.09.2020 समय शाम 4 बजे

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
शा.चि.महा. संबंद्ध चिकित्सालय
डिमरापाल जगदलपुर (छ.ग.)

जी- 83652/3

छात्राओं की परीक्षा संबंधी समस्या दूर करने सौंपा ज्ञापन

डोंगरगढ (नव प्रदेश)। यहा के नेहरू महाविधालय में छात्रो को परीक्षा संबधी हो रही समस्या को लेकर छात्र डाकेश्वर वर्मा, भारती साहु, रमन साहु, तोशीब, अमन उजवने, विक्की रामटेके, रूपाली फुले सहीत अन्य ने कुलपति हेमचंद यादव विश्व विधालय दुर्ग छत्तिसगढ के नाम प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौपा है छात्राओ ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में छात्र-छात्राओं को महाविधालय में उत्तरपुस्तिका का वितरण महाविधालय के द्वारा नही किया जा रहा है इसके लिए छात्रो को इधर -उधर भटकना पड रहा है व विश्वविधालय द्वारा सुनियोजित तरीके से परीक्षा न होने पर भी छात्र-छात्राओ द्वारा अत्यधिक शुल्क लिया जा रहा है । विष्वविधालय को चाहिए कि परीक्षा संबधी समस्याओ को निराकरण करे या शुल्क वापस करे तथा यदि कोई भी छात्र या छात्रा को कोरोना सक्रंमित हो तो उसके लिए परीक्षा हेतु अलग से समय दिया जाए।

प्रमुख सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ एम गीता ने किया गिरदावरी कार्य का अवलोकन

बेमेतरा/साजा। (नव प्रदेश)। प्रमुख सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ एम गीता शनिवार को बेमेतरा प्रवास के दौरान जिले के तहसीलों में चल रहे गिरदावरी कार्यों का अवलोकन किया। जिसमे तहसील बेरला के ग्राम टेमरी, तहसील बेमेतरा के ग्राम गुनरबोड में गिरदावरी के कार्य तथा तहसील थानखम्हरिया के ग्राम ओड़िया में गिरदावरी कार्य एवं गौठान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बेमेतरा कलेक्टर शिव अनंत तायल उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा सप्ताह मनाने का निर्णय

लवन (नव प्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में निर्णय लिया गया है। उक्त संबंध में भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड की अध्यक्षता में बैठक में प्रधानमंत्री का 70वा जन्म दिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को सेवा सप्ताह के रूप में मनाने वर्तमान करोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए 14 से 20 सितंबर तक सात दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। जिसमें गरीब भाई बहनों को आवश्यकतानुसार चश्मा, दिव्यांगों को कृत्रिम अंग उपकरण, अस्पतालों में फल वितरण, बूथ स्तर पर वृक्षारोपण कार्य, सभी गांवों में स्वच्छता अभियान, मुख्यालय व सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता का कार्यक्रम अंत मे वर्चुअल कांफ्रेंस का आयोजन भाजपा द्वारा किया जाएगा। उक्त आयोजन की जानकारी मण्डल अध्यक्ष विजय यादव ने दिया।

खरोरा से आज 6 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव

खरोरा (नव प्रदेश)। नगर सहित आस पास के गांव मे कोरोना पाजिटिव केश मे लगातार बढोतरी देखी जा रही है वही नगरवासीव ग्रामीणों ने इन सब के बाद भी कोरोना संक्रमण बचाव नियमो को अनदेखी कर कोरोना संक्रमण के चपेट मे आ रहे है खरोरा नगर सहित आस पास के गाँव के कोरोना जाँच रिपोर्ट मे आज 6 लोग करोना पॉजिटिव पाए गये खरोरा थाने मे पद्स्थ पुलिस आरक्षक परिवार के 3 लोग वार्ड नंबर 12 खरोरा एक व्यापारी , ग्राम कोसरंगी एवं माठ के दो नाबालिग बच्चे शमील है।

खरोरा के शासकीय नवीन महाविद्यालय में 25 सिंतबर से परीक्षा प्रारम्भ

खरोरा (नव प्रदेश)। शासकीय नवीन महाविद्यालय खरोरा में परीक्षा केंद्र से वर्षिक परीक्षा 2020 में परीक्षार्थियों के लिये असाइमेन्ट / परीक्षा के लिए उत्तर पुस्तिका का वितरण होना है जो खरोरा नवीन महाविद्यालय केंद्र है समय 11 बजे से 3 बजे तक रहेगा जो निम्ननुसार है - 17 एवं 18 सितम्बर को बी.ए भाग एक , बी.कॉम भाग एक , बी.एस. सी.भाग एक और 19 से 21 सितम्बर को बी.ए भाग दो, बी.कॉम भाग दो, बी.एस. सी.भाग दो और 22 सिंतबर को बी.ए भाग तीन , बी.कॉम भाग तीन, बी.एस. सी.भाग तीन , बाकी के शेष परीक्षार्थियों का 23 सितम्बर को जमा होना है । सभी परीक्षार्थियों के सूचना है समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक परीक्षा दिलाने का समय है और उत्तर पुस्तिका का जमा करने का समय 4 बजे तक परीक्षा केंद्र में जमा करना अनिवार्य है और प्रवेश तिथि अब बढ़ कर 23 सितम्बर हो चुका है तो बाकी छात्र छात्राय अपने नजदीकी महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते है।

90 से 100 दिन में निकलने वाली बालियां महज 55 दिन में निकल रही, वह भी खराब

बेरला ब्लॉक के कुछ किसान बड़े ब्रांड के धान बीज लगाकर खा रहे धोखा

नव प्रदेश संवाददाता

बेमेतरा/साजा। जिले के बेरला विकासखंड के ग्राम उफरा, खंगारपाट, गाड़ामोड़, मावली, खमतराई क्षेत्र के किसानों ने लगभग 300 एकड़ में बायर (क्ख्क्ष्क्र) मल्टी इंटरनेशनल कंपनी का ऋद्धस्थ (8433 छ्ञ्) किस्म का हाइब्रिड धान का रोपाई किया है। किसानों द्वारा रोपित यह धान की बाली बहुत खराब आ रहा है। बाली खराब होने के समस्या को लेकर जिला पंचायत सभापति एवं प्रदेश संयोजक राहुल योगराज टिकरिहा ने किसानों के साथ मिलकर बेरला अनुविभागीय अधिकारी डीआर डहिरे को ज्ञापन देकर निरीक्षण करने का निवेदन किया। सभापति टिकरिहा एवं किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि इस किस्म के धान के बाली को 90 से 100 दिनों के बीच निकलना था, लेकिन ये 55 दिन में ही निकल आया है और धान के बालियां भी खराब होने लग गए

है। जो बालियां अभी से निकल आए है और खराब हो रहे है वो संभवतः पूरा बालियों के निकलते तक खराब हो जाएंगे। लगातार बालियां खराब निकल रही है, और आगे पीछे निकल रही है जो कि किसानों के लिए चिंता का विषय है और भारी क्षति है। इस समस्या से किसानों के माथे में चिंता की लकीरें खींच गयी है, एक ओर भारी महंगे बीज तो वहीं उसका परिणाम उतना ही उल्टा नजर आ रहा है। बेरला विकासखंड के किसान खिलावन परगनिहा, नारद सिंह वर्मा, बबला परगनिहा, भारत वर्मा, झड़ी निषाद, नरेंद्र वर्मा, चंद्र प्रकाश परगनिहा, घना निषाद, जय प्रकाश परगनिहा, अश्वनी वर्मा, परमानंद वर्मा, अरुण विश्वकर्मा, योगेश वर्मा, राजेश वर्मा, राजकुमार वर्मा, बाबूलाल निषाद, इन्द्रमन बघेल, मनहरण निषाद, पंकज वर्मा, विवेकानंद साहू, लेखराम वर्मा, भूपेंद्र कुमार वर्मा, सुखीराम वर्मा, ईश्वर साहू, जितेंद्र वर्मा, चंद्रिका वर्मा, गोपाल निषाद, सुरेश वर्मा, प्रवीण गोश्वामी, पंकज वर्मा ने अपने खेतों में इस धान का रोपाई किया गया है।

> मैंने अपने खेत में हाइब्रिड धान का रोपाई किया है। धान के बाली को 90 से 100 दिन में निकलना था लेकिन ये 55 ही दिन में निकल गया है। जिससे फसल खराब हो रहा है।
>
> **विवेकानंद साहू, पीड़ित किसान, ग्राम खमतराई**

> खेत में ARISE किस्म का हाइब्रिड धान लगाया हूं। जल्द ही बाली आना शुरू हो गया है लेकिन बाली खराब आ रहा है। जो बाली अभी आया है वो बाकी बाली के आते तक खराब हो जाएगा।
>
> **लेखराम वर्मा, पीड़ित किसान, ग्राम-गाडामोर**

> धान खराब होने का शिकायत किसानों द्वारा लगातार मिल रहा था। किसानों के साथ खेतो में जाकर निरीक्षण किया। आज अनुविभागीय अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन देकर समस्या का निराकरण करने का निवेदन किया। प्रशासनिक पंचनामा के बाद किसानों का साथ उपभोक्ता फोरम तक दूंगा ताकी उनका हक मिल सके।
>
> **राहुल योगराज टिकरिहा,** सभापति, जिला पंचायत बेमेतरा

होम आईसोलेशन मरीजों के लिये त्रिकटू चूर्ण

रायगढ़ (नव प्रदेश)। होम आईसोलेशन में रह रहे मरीजों को आयुष विभाग के द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायगढ़ को त्रिकटू चूर्ण 1000 पैकेट एवं 1000 नग ब्रोशर/पाम्पलेट प्रदाय किया गया है।

जिला आयुर्वेद अधिकारी रायगढ़ ने त्रिकटू चूर्ण सेवन की विधि में जानकारी देते हुए बताया कि त्रिकटू चूर्ण 5 ग्राम 01 लीटर पानी में डालकर धीमी आंच पर उबाले आधा शेष रहने पर गुनगुना सेवन करें।

जिला पंचायत सदस्य के नेतृत्व में चलाया गया स्वच्छता अभियान

नव प्रदेश संवाददाता

खरोरा। आरंग जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पारागांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया,इस दौरान क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसरी मोहन साहू ने भी सफाई अभियान में सहयोग किया।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए साफ सफाई बेहद जरूरी है।बारिश के बाद ग्रामीण अंचलों में बीमारियों

का खतरा काफी अधिक बढ़ जाता है। इसके लिए अपने आसपास फैले गंदगी को साफकरना चाहिए, साथ ही इस समय शासन द्वारा जारी कोविड19 के निर्देशो का पालन भी करना चाहिए। स्वच्छता अभियान में पारागांव की महिला स्वसहायता समूह का भी योगदान रहा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोहन साहू,पारागांव की सरपंच श्रीमती दीपेश्वरी पाल, संतोषी यादव सहित गांव के गणमान्य नागरिको स्वच्छता अभियान में सहयोग किया।

मोहन मरकाम के लिए कार्यकर्ताओं ने मांगी दुआ

नव प्रदेश संवाददाता

देवभोग। आज बेहद सादगीपूर्ण तरीके से प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का जन्मदिन मनाया गया जिला पंचायत उपाध्यक्ष सहित ब्लॉक के पदाधिकारी कार्यकर्ता मंदिरों में जाकर मोहन मरकाम के दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने के लिए कामना करने के साथ लोगों को फल वितरण भी किया गया । प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम द्वारा आम मरीजों और असहाय लोगों की मदद करने की संदेश को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अल्तमस खान जिला

संयोजक तरुण नागेश सुधीर अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने कोंडागांव विधायक एवं कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का सादगीपूर्ण तरीके से जन्मदिन मनाया कोरेनाकाल को ध्यान में रखते हुए संजय नेताम अस्पताल पहुंच कर शासकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और फल वितरण करने के साथ असहाय लोगों की मदद करने की बात कही। सबसे पहले नेताम पदाधिकारियों के साथ गोहरापदर छैलडोंगरी के प्रसिद्ध मंदिर पर माथा टेक प्रदेश अध्यक्ष मरकाम की सलामती के लिए दुआ मांगा। तत्पश्चात मुख्यालय के अस्पताल में फल वितरण. करने साथ आवाजाही लोगों को मार्क्स दिया गया और सतर्क एवं जागरूक रहने की अपील किया इस दौरान नवप्रदेश से चर्चा करते हुए संजय नेताम ने कहा कि सरल स्वभाव के धनी कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम का जन्मदिन सोशल डिस्टेंस और सरकार की गाइडलाइन का पालन करते हुए असहाय और मरीजों की मदद कर मनाया गया इसके अलावा आज युवाओं ने भी अपने

राशन अफरा तफरी में चार सोसायटियों के सेल्समैन गिरफ्तार

गरियाबंद। फिंगेश्वर पुलिस ने पीडीएस राशन अफरा तफरी में आज 4 राशन सोसायटियों के सेल्समैन को गिरफ्तार किया। मामले में पुलिस 9 लोगो को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। फिंगेश्वर पुलिस ने ही 31 जुलाई को इस मामले का खुलासा किया था। उसके बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया और मामले में संलिप्त लोगो को गिरफ्तार करना शुरू किया। फिंगेश्वर पुलिस ने आज जिन 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वे सभी अलग अलग सोसायटियों के सेल्समैन है। जिसमे पांडुका निवासी लिलेश कुमार साहू पोंड ओर कुटेना सोसायटी, पांडुका निवासी पुरुषोत्तम पटेल पांडुका सोसायटी, कनसिंघी निवासी चेतन लाल नागेश देवरी सोसायटी और विजयपुर निवासी मानसिंग सिन्हा पेण्ड्रा सोसायटी का सेल्समैन है। ज्ञात हो कि फिंगेश्वर पुलिस ने 31 अगस्त की दरमियानी रात मुखबिर की सूचना पर राशन से भरे एक ट्रक को रोककर पूछताछ की थी।

चालक द्वारा राशन के कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर जब फिंगेश्वर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, एवं अनुविभागीय अधिकारी संजय ध्रुव केमार्गदर्शन में जांच पड़ताल शुरू की तो मामले की परतें खुलनी शुरू हो गयी। पुलिस जांच में पता चला कि राशन पीडीएस का है। जिसे कुछ सोसायटियों से इकट्ठा करके एक ट्रक में भरकर खपाने के लिए ले जाया जा रहा था। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक वेदवती दरियो, सउनि हेमकुमार ठाकुर, आरक्षक अनुप भलावी, लखन ठाकुर, नरोत्तम वट्टी, ओमप्रकाश महाविर और सैनिक कामता बांधे का सराहनीय योगदान रहा।

सब्जियों में भारी उछाल ने बिगाड़ा रसोई का बजट

लवन (नव प्रदेश)। सब्जियों के बढ़ते दामों ने घरों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। बाजार में ग्राहकों को दोगुने कीमत पर अदा करने करके सब्जियां खरीदनी पड़ रही है। लॉकडाउन और अनलॉक प्रक्रिया के दौरान सब्जियों की

आपूर्ति पर भारी असर पड़ा। बारिश ने भी सब्जियों को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। खेतों में ही सब्जियां नष्ट होने से किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ा है। बाजार में इन दिनों टमाटर, गोभी, भिंडी, बरबट्टी, करेला, बैगन सहित अन्य सब्जियों के भाव में उछाल आया है। कोरोना संक्रमण के चलते लॉकडाउन के दौरान सब्जियों की आपूर्ति और बिक्री पर काफी प्रभाव पड़ा था। इससे सब्जी किसानों और आम आदमी को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सब्जी मंडियों में बाहरी प्रदेशों से सब्जियां पहुंच रही है। लोकल सब्जी मार्केट में न होने से लोगों को दोगुनी कीमत के साथ सब्जियां खरीदनी पड़ रही है। सब्जियों के दामों पर नजर दौड़ाई जाए तो मौजूदा समय में भिंडी, तोरई, बरबट्टी, लवकी 40 रूपए प्रति किलोग्राम तक बिक रही है। वही आलू 35 रूपये, हरी मिर्च 30 रूपये पाव, टमाटर 60 रूपये, प्याज 25 रूपये, गोभी 100 रूपये, अदरक व लहसुन 120 किलो तक बिक रहा है। सब्जी के साथ फ्री में मिलने वाला धनिया मौजूदा समय में 300 रूपये प्रति किलो तक बिक रहा है, जबकि तीन सप्ताह पहले अदरक को छोड़कर सब्जियों के दाम कम थे।

सफाई कर्मचारियों ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

नव प्रदेश संवाददाता

डौंडी। ब्लॉक के अंश कालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को 3 महीने की मानदेय नही मिलने से वे लोग आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैं शीघ्र ही मानदेय नहीं मिलने पर धरना प्रदर्शन वह भूख हड़ताल करने की चेतावनी कर्मचारियों द्वारा दी गई है संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष रोहित महाला सुनील रावटे रविंद्र सिवाना सुलोचना कूटारे समरजीत श्याम सिंह संजय तारम ने कहा है कि कोविड 19 कोरोना महामारी के चलते स्कूल तो बंद है परंतु वे लोग शासन द्वारा संचालित मोहल्ला क्लास की साफ-सफाई सुखा राशन एवं शाला गणवेश वितरण के कार्य में हिस्सा लेकर सरकार का सहयोग कर रहे हैं महाला ने कहा कि शासन द्वारा निर्देश है कि कोरोना महामारी के चलते काम बंद होने के बावजूद भी शासन के अधीन कार्यरत नियमित व अनियमित दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का मानदेय भुगतान करने को कहा गया है उसके बाद भी उन लोगों को जून जुलाई-अगस्त 3 महीने का मानदेय नहीं मिला है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

कोरोना काल का नजारा...

हुई तो लोगों को खुद्कुशी का पता चला। मजे की बात यह कि पुलिस मौके पर पहुंची तो दास्ताने और मास्क लगाए थी। लेकिन लहूलुहान और क्षतविक्षत शव को पुलिस टीम ने कोरोना के खौफ से छुआ नहीं। मुआयना और पूछताछ के बाद पुलिस वालों ने लोगों से मदद मांगी तो किसी ने भी शव को कोरोना के डर से नहीं छुआ। मजबूरन पुलिस कर्मियों ने पहले डंडे से बॉडी को उठाया और फिर गमछेनुमा कपड़े को रस्सी की तरह उपयोग कर शव के दोनों ओर से निकाला और कपड़े का कोना पकड़ उठाया। मृत शरीर को उठाने के लिए पुलिस की यह मशक्कत और क्षतविक्षत शव के साथ ऐसा बर्ताव देख सभी आवाक खड़े देखते रहे। मृतक की लाश उठाने के लिए भी जिला पुलिस और निगम प्रशासन की इस हरकत को मौके पर कैमरे में कैद किया गया।

तीन दिनों तक...

को रायपुर लाने के बाद संबंधित क्षेत्र के थाने के पुलिस एवं मृतका के परिजनों को शव की पहचान के लिए बुलाया गया तो उन्होंने पहचानने में असमर्थता जताई। परिजनों और पुलिस द्वारा शव की पहचान किए बिना तथा पोस्टमार्टम प्रार्थना पत्र के बगैर पोस्टमार्टम नहीं किया जा सकता। तीन दिन पहले जब उन लोगों द्वारा शव की पहचान कर ली गई तब कोरोना पॉजिटिव होने का हवाला देते हुए पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने से इन्कार कर दिया था। कोरोना के इस खौफ के चलते कई बार स्वास्थ्य विभाग की सुविधा के दावे और कोरोना काल में खत्म होती मानवता पर सवालिया निशान खड़ा होने लगा है। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम नहीं कराने के लिए मंदिर हसौद थाना प्रभारी के माध्यम से 9 सितम्बर को आवेदन दिया गया। इसमें लिखा था कि कोरोना पॉजिटिव केस होने के कारण शव के पोस्टमार्टम कराने की आवश्यकता नहीं है। पुलिस द्वारा 11 सितम्बर को पोस्टमार्टम के लिए प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद उसी दिन परिजनों के समक्ष पोस्टमार्टम करवाया गया और बिसरा को पुलिस के माध्यम से जांच के लिए भेजा गया।

दावों, वादों और...

पर प्राईवेट अस्पताल निजी चिकित्सक भी कुछ ऐसा ही गैरजिम्मेदाराना आचरण कर रहे हैं।

दाऊ के ख्वाब को...

जिले में 2 लाख 56 हजार मनरेगा मजदूर काम करते हैं। अभी केंद्र के निर्देशों के मुताबिक सालभर में 100 दिन का रोजगार देने का नियम है। इसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र से मजदूरों को मनरेगा के तहत 200 दिन रोजगार देने की अपील की है। ताकि कोरोनाकाल में आर्थिक संकट से उबरने में गरीबों की मदद हो। सप्ताहभर पूर्व ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषत की बैठक ली थी। बैठक में मजदूरों को मिलने वाला मेहनताना और रोजगार दोनों में वृध्दि के लिए सीएम भूपेश बघेल ने पहल और प्रयास किया था।

सामुदायिक शौचालय के...

मिशन कार्यालय, नीर भवन, सिविल लाइंस, रायपुर में डाक के द्वारा या स्वयं उपस्थित होकर भी आवेदन जमा किया जा सकता है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अधिकारियों ने बताया कि मिशन के पहले चरण (अक्टूबर-2014 से मार्च-2020) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों को खुले में शौचमुक्त घोषित किया जा चुका है।

10वीं-12वीं की दो-दो...

कक्षा में कक्षा 10वीं की अंग्रेजी एवं विज्ञान, कक्षा 12वीं की भूगोल व राजनीतिक विज्ञान विषय की कक्षाओं में प्रदेश भर के 7754 विद्यार्थी शामिल हुए।

देश सेना के साथ...

पीएम मोदी से सवाल किए कि आप कब चीन के खिलाफ़ खड़े होंगे और चीन से हमारे देश की ज़मीन कब वापस लेंगे?

कांग्रेस ने किया वॉकआउट

इससे पहले संसद के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस ने भारत और चीन के बीच सीमा विवाद पर चर्चा की मांग करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया। बताया गया कि कांग्रेस सांसद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से सवाल करना चाहते थे। स्पीकर से अनुमति नहीं मिलने के बाद कांग्रेस सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। पार्टी के नेताओं का कहना है कि सदन की परंपरा के अनुसार प्रमुख मुद्दों पर बहस की जानी चाहिए लेकिन सरकार उनके सवालों से डरी हुई है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 65/2020-21
वार्ड का नाम- महात्मा गांधी वार्ड क्र.-12

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि महात्मा गांधी वार्ड 12 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ श्याम स्पेयर 2481 तल जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती कविता आहूजा w/o सुनील आहूजा के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्री पूनम सलूजा w/o आशीष सलूजा , 2. नीरज कुमार s/o गिरिश रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 15/9/20
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 66/2020-21
वार्ड का नाम- रानी लक्ष्मी वार्ड क्र.-10

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी लक्ष्मी वार्ड 10 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ करिश्मा अपार्टमेंट जो कि निगम अभिलेख में श्री माया देवी चक्रवर्ती w/o स्व. रासबिहारी चक्रवर्ती के नाम से दर्ज है, जिसको गुरू प्रसाद चक्रवर्ती s/o स्व. रासबिहारी चक्रवर्ती रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 15/9/20
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार
पिपरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रं./ब/121/वर्ष 2019-20
ग्राम खैरवार प.ह.न. 34

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका प्रमिला तिवारी पति स्व. बद्रीप्रसाद तिवारी निवासी ग्राम खैरवार तहसील कवर्धा द्वारा आवेदन पेश किया है कि अपने पति बद्रीप्रसाद पिता रामप्रसाद तिवारी का मृत्यु दिनांक 14.07.1991 को ग्राम खैरवार में हुआ है। शासकीय कार्य में आवेदिका के पति के मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ने से मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01.09.20202 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
पिपरिया

न्यायालय नजूल अधिकारी
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

राजस्व मामले में नोटिस

प्रति,
शीला वैष्णव पति रामलखन दास वैष्णव, लखोली नाका के पास पो. राजनांदगांव तह. राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
--00--

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र दास पिता स्व. कामता दास निवासी कवर्धा के द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रमांक 15 बी भू-खण्ड क्रमांक-16 क्षेत्रफल 382.50 वर्गमीटर भू-खंड जो कामता दास पिता बसंत दास साकिन कवर्धा के नाम पर है। उक्त भूखण्ड को आवेदक राजेन्द्र दास पिता स्व. कामता ने धारक मृत्यु 29.01.2000 हो जाने के फलस्वरुप भूखण्ड को अपने नाम पर नामांतरण किए जाने के फलस्वरुप भूखण्ड को अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किए है।

अतः इसकी सुनवाई तिथि दिनांक 18.09.2020 को है। अतएव उपस्थित होकर स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से पक्ष रख सकते है। अनुपस्थिति की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

मुहर
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 68/2020-21
वार्ड का नाम- तात्यापारा वार्ड क्र. 37

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि तात्यापारा वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 37/113 नेमीचंद गली जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती सुलोचना अग्रवाल पति सुभाष अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती मोनिका हरलालका पति नवीन जी हरलालका ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

परिवार और समाज से करते हैं प्यार, तो कोरोना टेस्ट से न करें इंकार

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कोविड-19 कोरोना वायरस के रोकथाम, नियंत्रण तथा उनके संक्रमण से बचाव के लिए उपायों को अपनाना चाहिए। करोनो वायरस के रोकथाम के लिए परिवार में किसी भी सदस्य को सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई, स्वाद एवं सूंघने की क्षमता का अभाव होने पर तत्काल कोरोना जांच करावाना चाहिए। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 कोरोना का संक्रमण बहुत तेजी से फैल रहा है। इस वायरस के संक्रमण को अपने सुझबूझ से शीघ्रगति से रोका जा सकता है। अगर किसी व्यक्ति को व उनके परिवार से अन्य सदस्यों को सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में कठिनाई, स्वाद एवं सूंघने की क्षमता का अभाव होने पर तत्काल कोरोना जांच करावाना चाहिए। कोरोना के टेस्ट से डरें नहीं, टेस्ट अवश्य कराएं। कोरोना होने पर डर से अपना स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराने पर कोरोना दूर नही होगा। अगर समय रहते हम संक्रमित व्यकित्यों की पहचान नहीं कर पाएंगे और समय रहते हुए चिकित्सा परामर्श से दवाइयों का सेवन नहीं कर पाएंगे तो इससे आपकी समस्या और बढेगी। अगर आस कोविड-19 से संक्रमित नहीं है तो परीक्षण के बाद रिपोर्ट नेगेटिव ही आएगी अगर पाजेटिव आती है तो कोरोना होने पर आप सही समय पर दवाई लेकर स्वस्थ हो जाएंगे। आप अपने परिवार और

समाज के लिए के लिए आवश्यक है। अभी तक कोरोना से जिनकी भी मृत्यु हुई है, उसका अन्य कारणों के साथ-साथ समय टेस्ट नहीं कराना एवं समय पर उपचार नही करना भी एक महत्वपूर्ण कारण सामने आ रहा है। कलेक्टर ने कहा कि इसलिए अपने-अपने परिवार एवं समाज के हित मे कोरोना टेस्ट से डरने के बजाय कोरोना टेस्ट कराएं एवं शासन द्वारा कोरोना के नियंत्रण लिए जारी निर्देशों का पालन करें। कलेक्टर श्री शर्मा ने आमजनों से आग्रह है कि किसी व्यक्ति अथवा परिवार के किसी भी सदस्य को अगर कोरोना के लक्षण दिखाई दे रही है, तो तत्काल स्वास्थ्य विभाग अथवा टोल फ्री नम्बर 104 एवं जिले के दूरभाष नम्बर 07741232078 पर सूचित कर सकते है। कोरोना से बचने के लिए एसएमएस रूल को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया है, जिसमें एस-सोशियल डिस्टेंसिंग, एम-मास्क लगाना तथा एस हाथों को बार-बार सेनेटाईज करना लें।

कोरोना होने पर डर से अपना स्वास्थ्य परीक्षण नहीं कराने पर कोरोना दूर नही होगा। अगर समय रहते हम संक्रमित व्यकित्यों की पहचान नहीं कर पाएंगे और समय रहते हुए चिकित्सा परामर्श से दवाइयों का सेवन नहीं कर पाएंगे तो इससे आपकी समस्या और बढ़ेगी।

न्यूज गैलरी

दूसरे चरण का कोरोना जांच शिविर आज तरेंगा और मोपका में

भाटापारा (नव प्रदेश)। कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश पर जिले में चालू हुए कोरोना जाँच शिविर के तहत आज बुधवार को विकासखण्ड के ग्राम तरेंगा और मोपका में शिविर का आयोजन किया जायेगा,शिविर प्रातः 10 से 3 बजे तक चलेगा। एसडीएम महेश सिंह राजपूत ने बताया की कोरोना जाँच शिविर का दूसरा चरण प्रारम्भ हो गया जिसके तहत इस माह की 16,18,25 और 29 सितम्बर को विभिन्न ग्रामो में शिविर लगाया जायेगा। आज 16 सितम्बर को विकासखंड के ग्राम तरेंगा और मोपका में कोरोना जाँच शिविर लगेगा। तरेंगा के पूर्व माध्यमिक शाला में और मोपका के उप स्वास्थ केंद्र में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोरोना जाँच शिविर चलेगा जबकि 18 सितम्बर को सिंगारपुर और करही बाजार में,25 सितम्बर को गोढ़ी टी और धुराबंधा तथा 29 सितम्बर को ग्राम खोखली और मल्दी में कोरोना जाँच शिविर वहा की स्कूलो में लगेगा।विदित हो की दूसरे चरण में भी सघन कोरोना जांच शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सभी विकासखण्डों के बड़े गाँवो को शामिल किया गया है। कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को रोकने में उस संक्रमित व्यक्ति की पहचान कर उनको अलग करना एक कारगार उपाय है। जिससे समाज मे यह संक्रमण ना फैलेइस शिविर में एंटीजन रैपिड टेस्ट के साथ आरटीपीसीआर टेस्ट की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इन शिविरों में ग्रामीण क्षेत्रों के निवासी, मजदूर,किसान साथ ही शासकीय कर्मचारी सहित कोई भी व्यक्ति इन शिविरों मे आकर अपना कोरोना जांच करा सकते है।

प्रधानमन्त्री के जन्मदिवस पर भाजपा का सेवा सप्ताह

भाटापारा (नव प्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70वें जन्मदिन पर भाजपा सोमवार से सेवा सप्ताह शुरू की है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, जिलाध्यक्ष अध्यक्ष सनम जांगड़े,भाजयुमो प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख अश्वनी शर्मा, जिला अध्यक्ष भाजयुमो आनंद यादव, ने सभी मंडलों में प्रभारियों की नियुक्ति की है। सेवा सप्ताह जिला भाजयुमो प्रभारी सुनील यदु(गोलू) ने बताया कि 14 से 20 सितंबर तक पार्टी की ओर से सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए भाजपा व भाजयुमो प्रमुख लोगो से चर्चा कर बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विभिन्ना मंडलों में प्रभारी नियुक्त किये गए हैं। भाटापारा शहर आशीष पुरोहित, भाटापारा ग्रामीण गोलू देवांगन, निपानिया टिक्की वर्मा,सिमगा नारायण निषाद, सुहेला दिनेश चौरे, बलौदाबाजार वाशु ठाकुर, बलौदाबाजार ग्रामीण मनोज यादव,लवन रामलाल कुर्रे, कसडोल नागेश्वर साहू, पलारी संकेत वर्मा, दक्षिण पलारी उमेश यदु डायमंड साहू, टुंड्रा महेन्द्र कुमार बारले, बया संजय यादव, भटगाव गुड्डा साहू, बिलाईगढ़ नंदू साहू, सरसिवा उमेश बंजारे, को शामिल किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिवस पर जिला अस्पताल में किया फल वितरण

कवर्धा (नवप्रदेश)। मोहन मरकाम के जन्म दिवस के अवसर पर मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा जिला अस्पताल में मरीजों को एवं वृद्ध आश्रम में फल वितरित किया गया। साथ ही महिला कांग्रेस की स्थापना दिवस जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती फूलों देवी नेताम के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री योगी के नेतृत्व में सभी महिलाओं ने झंडा फहराकर , भारतमाता को माल्यार्पण कर एवं उक्त कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री योगी, राजपाल साहू, कृष्णा नामदेव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

संपूर्ण नगर पालिका क्षेत्र कवर्धा कंटेन्मेंट जोन घोषित

कवर्धा (नवप्रदेश)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रमेश कुमार शर्मा ने कबीरधाम जिले के नगर पालिका परिषद कवर्धा एवं विकासखंड कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत में विगत दिवसों में लगातार कोरोना पॉजिटिव केस पाए जाने पर इसके रोकथाम और नियंत्रण के उपाय के तहत कवर्धा शहर के वार्ड नं. 1, 2, 5, 6, 7, 8, 14, 16, 22, 23, 24, 26, 10, 21, 20, 25, एवं वार्ड नं. 27 वार्डो को कंटेन्मेंट जोन घोषित किया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा द्वारा विगत दिवस नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में लगभग 50 से अधिक पॉजिटिव केस पाए जाने के कारण नगर पालिका के शेष वार्डो को भी कन्टेन्मेंट क्षेत्र घोषित करते हुए सील किए जाने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया था। प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर पूर्व आदेश में संशोधन करते हुए संपूर्ण नगर पालिका कवर्धा को कन्टेन्मेंट क्षेत्र घोषित किया गया है। कंटेन्मेंट जोन के लिए प्राप्त दिशा-निर्देश अनुसार विभिन्न गतिविधियॉ निर्धारित हैं, जिसके तहत अत्यावश्यक सेवाओं जैसे-खाद्य आपूर्ति, आपातकालीन चिकित्सा सेवा को छोड़कर शेष सेवाएं पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी, कटेन्मेंट जोन अंतर्गत सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। सब्जी, फल, दूध, ब्रेड, कृषि बीज एवं कीटनाशक दुकानों को प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक खोलने की अनुमति होगी। कंटेन्मेन्ट जोन के अंतर्गत सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। रायपुर-बिलासपुर बायपास एवं प्रमुख मार्गों में आवागमन यथावत रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किसी भी कारणों से घर से बाहर निकलना प्रतिबंधित होगा, कंटेन्मेंट जोन की निगरानी के लिए लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जायेगी, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य की निगरानी एवं निर्देशानुसार जांच के लिए सेम्पल लिया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

बीज निगम प्रबंधक विभागीय दायित्व निर्वहन में असक्षम- विजय

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जारी प्रेस विज्ञप्ति में किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय वैष्णव ने कहा की छ. ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड जिला-कबीरधाम में विगत चार-पांच वर्शो से अपने गृह जिला में पदस्थ, पद जिला प्रबंधक पदस्थ अधिकारी राकेष चन्द्रवंशी बीज निगम के विभागीय कार्यो के निपटारा करने विभागीय लेखा-जोखा, निरीक्षण अवलोकन में अकुशल असक्षम है। मात्र दस्तखत मास्टर है किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय वैशणव ने 04 पृश्ठ के मूल शिकायत आवेदन में एवं 16 कंडिकाओं में सूचना के अधिकार से प्राप्त 35 दस्तावेज संलग्न कर शिकायत पत्र प्रेशित कर जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिला प्रबंधक के कार्य प्रणाली पर अनेक प्रष्न चिन्ह उठाते हुए कहा है कि उक्त

अधिकारी द्वारा कार्य आदेश 25440 रूपये का प्राकलन स्वीकृत कर अपने सील एवं हस्ताक्षर से संधारित किया तदउपरांत 1 दिन पष्चात् कार्य आदेश के अनुरूप प्रदायक द्वारा सामाग्री प्रदाय उपरांत प्रदाय आदान पर आवष्यक कार्यवाही करते हुए जिला कार्यालय का देयक उक्त अधिकारी ने 21107 रूपये का अपने सील एवं हस्ताक्षर से संधारित किया जिससे संधारित देयक कार्य आदेश के विमुख होकर कम राशि का हो गया । उक्त अधिकारी के द्वारा कार्य आदेश के पूर्व देयक संधारित किया जाता है जो निगम के कार्यप्रणाली के विपरीत है । वित वर्श 2017.18 के लिए छ.ग. शासन कृशि विभाग मंत्रालय के पत्र क्रं 7404 दिनांक 09ण03ण2016 के अनुसार केन्द्र एवं राज्य पोशित सूक्ष्म सिंचाई योजना (स्प्रिंकलर/ड्रीप) अंतर्गत सिंचाई उपकरण कृशकों के वितरण हेतु नवीन व्यवस्था के दिशा निर्देश का उल्लंघन करते हुए वित वर्श 2017.18 के लिएकार्य आदेश जारी किया । जिला कार्यालय के देयक में मनी रसीद क्रं की गलत जानकारी दाखिल करना, कृशक का नाम गलत लिखना इस बात का प्रमाण है कि उक्त अधिकारी जिला प्रबंधक पद के दायित्व को निवर्हन करने में असक्षम एवं अयोग्य है। उक्त अधिकारी द्वारा उप संचालक कृशि के आदेश के 5 माह पूर्व कृशक अंश राशि कैसे स्वीकार कर लिया यह जांच का विशय है । उक्त अधिकारी द्वारा एक ही मनी रसीद क्रं. का अलग-अलग कृशक के नाम से अलग-अलग दिनांक में अलग-अलग देयक में संधारित किया जाना यह प्रमाणित करता है कि उनके द्वारा विभाग को कूट रचित ढंग से 17600 रूपये के कृशक अंश के रूप में प्राप्त होने वाले राजस्व की क्षति पहुंचाई गई है जो एक गंभीर मामला है। यह कि उक्त अधिकारी को उप संचालक कृशि के कार्यालय से देयक एवं संतुश्टि कंपनियों के भुगतान हेतु 04 वर्श पूर्व 38 कृशकों का 999024 रूपये की राशि का प्रशित किया गया जिसमें जिला प्रबंधक द्वारा राशि मांग पत्रक मुख्यालय रायपुर प्रेशित कर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के बजाय विगत 04 वर्शो से लंबित रखे हुए है।

अतिक्रमणकारियों को हटाने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नव प्रदेश संवाददाता

भाटापारा। जनपद पंचायत के अधीन ग्राम मोपका की घास जमीन पर कब्जा किये 15 ग्रामीणों को ग्राम पंचायत के द्वारा लगातार शासकीय भूमि से कब्जा छोड़ने की हिदायत देने के बाद भी कब्ज़ा नही छोड़ने वालो के खिलाफ सरपंच कुमारी टंडन के नेतृत्व में पँचायत प्रतिनिधियो ने तहसीलदार को ज्ञापन सौपते हुए कब्जा धारियों को बेदखल करने की मांग की है।

उपरोक्त संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए ग्राम पंचायत के सचिव विनोद दास वैष्णव ने बताया की ग्राम की शासकीय भूमि पर गांव के 15 लोगो के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था,उन सभी लोगो को पंचायत के माध्यम से लगातार समय समय पर नोटिस जारी करते हुए उन्हें बेजा कब्जा को छोड़ने कहा गया,लेकिन उन्होंने इस पर कोई ध्यान नही दिया।इस कारण पंचायत प्रतिनिधियो ने इस मामले में पूर्व में लिए गए निर्णय

के अनुसार सरपंच कुमारी टंडन के साथ ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियो ने प्रभारी तहसीलदार मयंक अग्रवाल को पुरे प्रकरण को सौपते हुए कब्ज़ा धारियों को बेदखल करने की मांग की है। ग्राम पँचायत के सचिव विनोद दास वैष्णव ने बताया की ग्राम की घास जमीन पर कब्जा कीये 15 लोगो को पूर्व में भी दिनाक 20 जुलाई को फिर 24 अगस्त को और अंतिम चेतावनी स्वरुप 8 सितम्बर को पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 11 निगमित और स्वत्त्व निकाय ग्राम पँचायत प्रसाशन के तहत नोटिस जारी करते हुए कब्जा छोड़ने हेतु कहा था लेकिन उन्हीने आज तक कब्जा नही छोड़ा था।

शाम 5 बजे के बाद गांव की दुकाने भी बंद हो: साहू

भाटापारा (नव प्रदेश)। देश,प्रदेश,जिला और शहर में जिस रफ़्तार से कोरोना वायरस का प्रकोप बढ़ता जा रहा है और शासन प्रशासन के द्वारा इसे रोकने के उपाय के तहत दुकानदारो व्यापारियो के दी गई समय सरणी को 5 किमी के दायरे में तक आने वाले ग्रामो में भी कड़ाई से लागु करने की मांग जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती संगीता मनोहर साहू ने जिला दंडाधिकारी एवम् कलेक्टर को एक पत्र प्रेषित करते हुए कही है। जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि केतुमान साहू ने बताया की कोरोना संक्रमक को देखते हुए जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रो में व्यापार करने की छुट शाम 5 बजे तक दी गई है लेकिन देखने में आता है की शहर की सरहद से 5 किमी में लगे ग्रामो में में अनावश्यक रूप से भीड़ देखने को मिलती है जिनमे अधिकतर शहर के लोग ही खरीदी या अन्य कार्यो से दीखते नजर आते है।

सेवा सप्ताह कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों ने महापुरुषों की प्रतिमा की करवाई सफाई

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर कवर्धा शहर मंडल के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान के तहत महापुरुषों के प्रतिमा की सफाई किए । भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत मनाया जा रहा है। आज शहर में स्थापित महापुरषों के प्रतिमा की सफाई कार्यक्रम रखा गया था! शोसल डिस्टेनसिंग का पालन करते हुए 05 कार्यकर्ता प्रत्येक प्रतिमा स्थल

पर एक साथ स्वछता अभियान में अपनी सेवा दिये इस कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल सिंह ने भारत माता प्रतिमा स्थल पर ,पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी रानी दुर्गावती प्रतिमा स्थल ,भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवकुमारी चंद्रवंशी, ने वीर स्तम्भ चैक पर स्थापित शहीदों के प्रतिमा एवं मिनीमाता प्रतिमा स्थल पर जिला मंत्री दिनेश चंद्रवंशी व जप उपाध्यक्ष वीरेंदर साहू तथा शहीद कौशल यादव परिषर में मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं के साथ सफाई अभियान चलाया ।

कलेक्टर ने कंटेनमेंट जोन का लिया जायजा

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। कलेक्टर छतर सिंह डेहरे ने आज दोपहर नगर पालिका गरियाबंद अंतर्गत चल रहे विकास कार्यो सहित कंटेनमेंट जोन का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री डेहरे ने पैरी कालोनी वार्ड नम्बर-01 में अधोसंरचना मद से बनाये जा रहे सी.सी. रोड का अवलोकन किया। उन्होंने इंजीनियर को गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप सी.सी.रोड बनाने के निर्देश दिये। इस दौरान निर्माणाधीन सड़क में खुले कैप को ढ़कने के भी निर्देश दिये गये। इसके पश्चात वार्ड नम्बर-15 में स्थित महारिन डबरी के संबंध में जानकारी ली गई। इंजीनियर ने बताया कि महारिन

डबरी में पिचिंग वर्क, सी.सी रोड, लैंड स्कैपिंग का कार्य पूरा हो चुका है। सौदर्यीकरण के लिए घास लगाने का कार्य शेष है। तकनीकी स्वीकृति के पश्चात यह कार्य पूर्ण हो जायेगा। कलेक्टर ने तकनीकी स्वीकृति के पश्चात 15 दिन के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात कलेक्टर द्वारा वार्ड नम्बर-13 में घोषित कंटेनमेंट जोन का जायजा लिया गया। यहां दो कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है।

भगवान विश्वकर्मा की जयंती की तैयारी शुरू

खरोरा (नव प्रदेश)। हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष विश्वकर्मा पूजा कन्या क्रांति को होती है जिससे इस बार अंचल में विश्वकर्मा पूजा 17 सितंबर को मनाई जा रही है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान विश्वकर्मा का जन्म हुआ था । विश्वकर्मा देव को दुनिया का पहला इंजीनियर माना जाता है। प्राचीन काल के सभी राजधानियों का निर्माण भगवान विश्वकर्मा ने किया था स्वर्ग लोक ,सोने की लंका , द्वारिका और हस्तिनापुर विश्वकर्मा द्वारा ही रचित है ।इसीलिए विश्वकर्मा पूजा के दिन उद्योगों एवं मशीनों की पूजा की जाती है । यह पूजा उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण है जो कलाकार ,कार और व्यापारी हैं । ऐसी मान्यता है कि भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से व्यापार में वृद्धि होती है।

संपूर्ण नगर पंचायत क्षेत्र पिपरिया कंटेन्मेंट जोन घोषित

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कबीरधाम जिले के नगर पंचायत पिपरिया क्षेत्र अंतर्गत में लगातार कोरोना पॉजिटिव केस पाए जाने पर इसके रोकथाम और नियंत्रण के उपाय के तहत नगर पंचायत पिपरिया के समस्त वार्डो को कंटेन्मेंट जोन घोषित किया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा द्वारा नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में लगातार पॉजिटिव केस पाए जाने के कारण नगर पंचायत के वार्डो को भी कन्टेन्मेंट क्षेत्र घोषित करते हुए सील किए जाने का प्रस्ताव प्रेषित किया गया था। प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर संपूर्ण नगर पंचायत पिपरिया को कन्टेन्मेंट क्षेत्र घोषित किया गया है।

कलेक्टर ने ली नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक

रायगढ़ (नव प्रदेश)। कचरा कलेक्शन किये जाने वाले सभी घरों, दुकानों, होटल, अस्पतालों से शत-प्रतिशत यूजर चार्ज लिया जाना है। इसके लिये वार्डवार घरों व दुकानों की जानकारी के साथ यूजरचार्ज का ब्यौरा तैयार कर कलेक्शन करें। उक्त बातें कलेक्टर श्री भीम सिंह ने नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक के दौरान कही।

समीक्षा | कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए जारी दिशा-निर्देशों से कराया अवगत

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

नव प्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। कलेक्टर छतर सिंह डेहरे ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला प्रमुख और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की विभागीय कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को शासन द्वारा कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि जिला प्रमुख अधिकारी संबंधित विभाग के विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक स्वान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लेना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय समीक्षा बैठकें भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही होगी। कलेक्टर श्री डेहरे ने कोविड-19 के बढ़ती संक्रमण के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित मुख्यालय में ही रहकर कार्य संपादित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कोरोना के चलते कार्यालय बंद होने की स्थिति में वर्क फ्राम होम से कार्य निपटाने के सुझाव दिये। कलेक्टर ने जिले से अन्यत्र नगरों से आवाजाही करने वाले अथवा अवकाश उपरांत कार्यालय आने के पूर्व अधिकारी-कर्मचारियों को कोरोना जांच कराने के निर्देश दिये। साथ ही जांच रिपोर्ट के आधार पर ही कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा।

उन्होंने कार्यालयों में भी सोशल-फिजीकल डिस्टेंसिंग व कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का गंभीरता पूर्वक पालन करने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में 01 सितम्बर से 30 सितम्बर तक पोषण माह आयोजित किया जा रहा है। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा , पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित सभी विभागो की भागीदारी से कंटेनमेंट जोन को छोड़कर 14 सितम्बर से आंगनबाड़ी केन्द्रों में गरम भोजन व पुरक पोषण आहार की व्यवस्था प्रारंभ की गई है।

खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में 38 सहकारी समितियों के 62 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जाती है। विगत वर्ष 71 हजार किसानों की पंजीयन किया गया था। इस वर्ष पंजीयन हेतु सूची राजस्व विभाग को उपलब्ध करा दी गई है। जिले में 85 प्रवासी मजदूरों का राशन कार्ड जारी किया जायेगा। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को आगामी दस दिवस के भीतर उक्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने वन अधिकार पट्टा की समीक्षा करते हुए ग्राम स्तर पर सूचना का प्रारूप और अपील प्रस्तुत करने की प्रमाण पत्र व लंबित आवेदनों की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में 85 प्रतिशत गिरदावरी कार्य पूर्ण हो चूका है। 20 सितम्बर तक शत-प्रतिशत गिरदावरी कार्य कर लिया जायेगा। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में 10 हजार 299 कोरोना सैम्पल लिये जा चुके हैं।

हाथियों के लगातार आतंक से कमार आदिवासी दहशत में

गांव छोड़ आधे लोग पहुंचे पहाड़ी के नीचे

हाथियों के दल ने गांव में घुसकर मचाया तबाही बर्तन, कपडा राशन सामग्री सहित मकानों को किया ध्वस्त

सरपंच ने वन विभाग पर लगाया आरोप कहा- हाथियों से ग्रामीणों के बचाव के लिए विभाग के पास नही है कोई भी कार्य योजना

विभाग के अफ़सर नहीं पहुचे, ग्राम भालूडिग्गी कमार जनजाति में भारी आक्रोश

जीवन एस साहू

गरियाबंद। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के बफर जोन एरिया वन परिक्षेत्र कुल्हाडीघाट के पहाडी के उपर बसे ग्राम भालूडिग्गी में पिछ्ले लगातार तीन दिनों से हाथियों के दलो ने जमकर आंतक मचाया है लगातार तीसरे दिन रविवार शाम को फिर एक बार हाथियों के दलो ने भालूडिग्गी गांव मे पहुचकर लगभग 1 दर्जन से ज्यादा विशेष पिछ्डी कमार जनजाति आदिवासियों के झोपडियों को पुरी तरह तहस नहस कर दिया, ग्रामीण जनजाति के लोग अपने जान को बचाने छोटे छोटे बच्चों को लेकर पेडो पर चढ गए जैसै तैसे पुरी रात भारी दहशत के बीच पेडो में रात गुजारने के बाद लगभग आठ परिवार पहाडी के गांव को छोडकर आज पैदल 20- 22 किलोमीटर दुर ग्राम पंचायत मुख्यालय व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के गोद ग्राम कुल्हाडीघाट पहुचे और पुरे मामले से अपने समाज के मुखिया तथा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी व वर्तमान सरपंच धनमोतिन बाई सोरी को मामले से अवगत कराया पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी मैनपुर मोटर सायकल से पहुचकर मामले की जानकारी वन विभाग के स्थानीय अधिकारियों को दिया तो स्थानीय अधिकारियों ने आज घटना स्थल और कुल्हाडीघाट में पहुचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हे तत्कालीक मुआवजा देने की बात कही थी लेकिन ग्रामीण जन देर शाम तक विभाग के अधिकारियों का इंतजार करते रहे कोई भी वन विभाग के अफ़सर तो दुर स्थानीय परिक्षेत्र अधिकारी भी कुल्हाडीघाट नही पहुचे।



बाड़ी व फसल को कर रहे बर्बाद

ग्रामीणो में भारी मायूसी के साथ नराजगी देखने को मिल रही है, कुल्हाडीघाट क्षेत्र में मोबाईल का नेटवर्क नही होने के कारण ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी आधे रास्ते तक नेटवर्क वाले स्थान में पहुचकर मोबाईल से मैनपुर के पत्रकारों से सम्पर्क कर बताया कि पिछ्ले तीन दिनों से हाथियों के दल ने उनके ग्राम पंचायत के पहाडी गांव भालूडिग्गी में जमकर कहर मचाया है, हाथियों ने रविवार शाम 06 बजे के आसपास ग्राम भालूडिग्गी में धावा बोला और लगभग एक दर्जन झोपडियों को पुरी तरह तोडकर तहस नहस कर दिया और घरो में रखे राशन सामग्री दाल चांवल के साथ बर्तन कपडा को रौंद डाला साथ ही आसपास किसानों के बाडी व खेतो मे लगे पुरे फसल को बर्बाद कर दिया है, पूर्व सरपंच बनसिंग सोरी ने बताया मामले की शिकायत आज सुबह पहुचकर मैनपुर में वन परिक्षेत्र अधिकारी से किया था तब वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बडे अधिकारियों के साथ कुल्हाडीघाट में पहुचकर प्रभावित ग्रामीणों को राहत प्रदान करने की बात कही थी और पहाडी के उपर लगभग 32 परिवार निवासरत है जिसमें से 08 परिवार के सदस्य उनके झोपडी मकान पुरी तरह टुट जाने के कारण व हाथियों के द्वारा तहस नहस कर देने के कारण आज सुबह पहाडी से कुल्हाडीघाट पहुच गए है

गांव छोड़ने को मजबूर हैं ग्रामीण

सरपंच ने तत्काल राहत पहुंचाते हुए आश्वस्त किया है। शासन से उन्हे मुआवजा दिलवायेंगे और हाथियों से बचाव के लिए कोई ठोस योजना बनाया जाऐगा लेकिन विभाग के स्थानीय अधिकारियो के पास हाथियो से ग्रामीणो को सुरक्षित रखने के लिए कोई भी ठोस कार्य योजना नहीं है। सरपंच धनमोतिन बाई सोरी और पूर्व सरपंच बनसिंह सोरी ने आरोप लगाया कि वन विभाग के स्थानीय अधिकारी सिर्फ यहा बैठे-बैठे मुआवजा राशि प्रकरण बना देते है।

मौके पर नहीं पहुचते जबकि ग्रामीणों का भारी नुकसान हुआ है, और तो और ग्रामीण अब गांव छोडने तक को मजबूर हो रहे है यदि इस ओर ध्यान नही दिया गया तो जल्द ही कुल्हाडीघाट ग्राम पंचायत के ग्रामीण वनमंत्री मोहम्मद अकबर से मुलाकात कर मामले की शिकायत करेंगे।

क्या कहते हैं वन अफसर

वन परिक्षेत्र अधिकारी कुल्हाडीघाट सुदर्शन नेताम ने बताया कि कल तीसरे दिन भी हाथियों के दल ने ग्राम भालूडिग्गी में कुछ ग्रामीणों के झोपडियों को नुकसान पहुचाया है, आज हमारें अमला ग्राम भालूडिग्गी में फसल मकान क्षति सम्पति क्षति का आंकलन किए है और ग्रामीणों को यथासंभव सहयोग किया जा रहा है साथ ही उन्हे जंगल के तरफअकेले नही जाने का मुनादी भी कराई जा रही है वन विभाग की पुरी टीम हाथियों के हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए है।

सुदर्शन नेताम वन परिक्षेत्र अधिकारी कुल्हाडीघाट

ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के ग्राम पंचायत सचिव प्रेमलाल ध्रुव ने बताया कि कुल्हाडीघाट के आश्रित ग्राम भालूडिग्गी जो पहाडी के उपर है, वंहा पिछ्ले तीन दिनों से लगातार हाथियों के दलो के द्वारा जमकर उत्पात मचाते हुए लगभग 20 परिवारों के मकानों को पुरी तरह क्षति पहुचाया है, जिसकी लिखित में शिकायत विभाग को दिया गया है उन्होने बताया लगभग 08 परिवार पहाडी के उपर से अपनी समस्या से वन विभाग के असफरो को अवगत कराने पहुचे है और आज सोमवार को वन विभाग के अफसर कुल्हाडीघाट में पहुचकर हाथी प्रभावित ग्राम भालूडिग्गी के ग्रामीणों से मुलाकात करने वाले थे लेकिन देर शाम तक विभाग के बडे अफसर नही पहुचे थे और विभाग के स्थानीय अमला ग्रामीणों से मुलाकात किए है ।

प्रेमलाल ध्रुव सचिव ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट

जवानों के परिजनों से नक्सलियों ने की मारपीट

■ परिजनों ने किरन्दुल में डेरा जमाया

नव प्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। किरन्दुल इलाके के गुनियापाल गांव के डीआरजी में लगे जवानों के परिजन अब नक्सली प्रताड़ना के टारगेट में है। नक्सलियों डीआरजी जवानों के रिश्तेदार और घर वालो की आंदोलन में शामिल नही होने की वजह से पिटाई की है। जबकि वही श्यामगिरी गांव में डीआरजी जवान के भाई को जान से मारने की धमकी भी दी गयी हैं।

दरअसल बीते रविवार को जेल बंदी रिहाई मुद्दे को लेकर ग्रामीण पैदल रैली के शक्ल में जुटे थे। मगर रैली की अनुमति न होने की वजह से रैली प्रशासन ने रोक दी। जिसकी नाराजगी गुनियापाल गांव में डीआरजी जवानों के परिजनों से मार पिटाई करके निकाली गई। पुलिस ने 4 ग्रामीणों के 20 परिजनों की बाकायदा लिस्ट जारी की है। जिनकी पिटाई की गई है। इसमें बुजुर्ग महिला बच्चे भी शामिल हैं।

किरन्दुल थानाक्षेत्र के टीआई डीके बरुआ ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली में शामिल वापसी भीड़ में नक्सली संगठन के मलिशिया सदस्य मौजूद थे जिन्होंने गुनियापाल में डीआरजी जवानों के परिजनों को मीटिंग कर मारपीट की है। 3 ग्रामीणों को अधिक मारपीट की गई है। बाकि के सभी पर डंडों से पिटाई की गई है। जवानों ने सभी को किरन्दुल सुरक्षित लेकर पहुँचे है।

गांव से लौटे ग्रामीण दहशत के चलते वापस गांव नही जा रहे हैं सभी ग्रामीण किरन्दुल में ठहरे हुए हैं। इधर रैली में जो लोग अगवा नेता बनकर भीड़ जुटा रहे थे उन्हें प्रशासन ने नोटिश थमाकर जबाव मांगा है।

संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने नक्सली हिंसा पीड़ित बच्चों में जगाई शिक्षा की आस

■ दिलवाई मोबाइल और पाठ्य पुस्तकें

नव प्रदेश संवाददाता

जगदलपुर। नक्सली हिंसा पीड़ित बीजापुर जिले के आवापल्ली विकास खंड के दो भाईयों संतोष ईरपा एवं भीमसेन ईरपा को उस वक्त यह सुखद आश्चर्य हुआ जब वे आज जगदलपुर स्थित विधायक कार्यालय में अपनी आनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल की आस लिए पहुंचे थे और वहां उनके समस्या का तत्काल समाधान करते हुए मोबाइल एवं पाठ्य-पुस्तक उपलब्ध हो गया।

वर्तमान कोरोनावायरस महामारी के समय जहां स्कूल कालेज सभी बंद हैं आनलाइन पढ़ाई ही एक मात्र सहारा है ऐसे में गरीब घरों के बच्चों के लिए बिना स्मार्ट फ़ोन के यह संभव नहीं हो पा रहा है ऐसे समय में विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन बीजापुर जिला के नक्सली हिंसा पीड़ित दो भाईयों के लिए आशा की किरण बनकर सामने आए जब आवापल्ली ब्लाक के संतोष ईरपा एवं भीमसेन ईरपा जो की बिलासपुर के एकलव विद्यालय के छात्र हैं तथा 2009 में इनके पिता की हत्या नक्सलियों ने कर दी थी।

इसी सदमें में उनकी माता की भी मृत्यु हो गई थी तथा ये सभी सात भाई तीन माह मजदूरी कर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं ऐसे में जब 12वीं और 10वीं पढ़ने वाले इन छात्रों को पता चला कि आनलाइन पढ़ाई आरंभ हो गई है तो वे निराश हो गए क्यों की उनके पास मोबाइल फ़ोन खरीदने को पैसे नहीं थे ऐसे में उनके किसी शिक्षक ने उन्हें विधायक जगदलपुर रेखचंद जैन से संपर्क करने की सलाह दी जिसपर वे आज विधायक कार्यालय जगदलपुर पहुंचे थे जिसपर विधायक जगदलपुर ने तत्काल बीजापुर कलेक्टर रितेश अग्रवाल से चर्चा कर दोनों भाईयों को स्मार्ट फ़ोन एवं आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त विवेक दलेला से बात कर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवा दी।

नक्सली हिंसा पीड़ित बच्चों से चर्चा करते हुए विधायक एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने उन्हें कहा की भविष्य में भी यदि उनके पढ़ाई में किसी तरह की दिक्कत हो तो वे बेझिझक संपर्क करें विधायक जगदलपुर ने दोनों बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

विदित हो कि विधायक रेखचंद जैन के संसदीय सचिव बनने के बाद से ना केवल बस्तर जिले वरण संभाग के लोग भी अपनी अपनी समस्या लेकर विधायक कार्यालय जगदलपुर आ रहे हैं जहां उनकी सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास संसदीय सचिव रेखचंद जैन कर रहे हैं।

स्वास्थ्य जांच : मोबाईल वेन पहुंचेगी हॉट बाजार

बेमेतरा/साजा – कृषक नेता योगेश तिवारी एवं सर्व ट्रामा हास्पिटल रायपुर के प्रमुख डॉ सुरेंद्र शुक्ल द्वारा वैश्विक महामारी कोरोनावायरस के बढ़ते प्रकोप से बचाव के लिए मोंबाईल वेन के माध्यम से कल से

अनुभवी डॉक्टरों एवं लेब टैकनिशियनों के टीम बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र बेरला ब्लाक के ग्राम- गोड़गिरी, भरदा, हरदी, सोंढ़, तेलगा पहुंच कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच एवं उचित इलाज तथा कोरोना वायरस से बचने के लिए सैनिटाइजर, मास्क एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण इन बाजारों में किया जाएगा। ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें उचित परामर्श भी दिया जाएगा। कल बुधवार से प्रारंभ होने वाली इस मोबाइल वैन के साथ में कृषक नेता योगेश तिवारी अपनें समर्थकों के साथ सोशल डिसटेंश बनाकर रहेंगें। कृषक नेता योगेश तिवारी ने कहां कि विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य एवं संयम से काम लेना है तथा हम सबको अपनी जिम्मेवारी निभानी होगी। वर्तमान समय में सरकारी प्रयास किए जा रहे हैं किंतु कोरोना वायरस से प्रभावित लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रही है। ऐसे में सभी नागरिकों को भी सरकार के कार्यों में मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कल से प्रारंभ होने वाली यह मोबाइल वैन लगातार एक महीने तक बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांव में होने वाले बाजार के दिन वहां पहुंचकर लोगों की फ्री स्वास्थ्य चेकअप एवं सैनिटाइजर, मास्क, आवश्यक दवाई का वितरण हम लोग करेंगे। ज्यादा गंभीर मामलों में कोविड़ सेंटर से संपर्क कर ऐसे मरिजों को भर्ती करानें कि दिशा में हम प्रयास करेंगें।

विभाग की अनदेखी, नाली निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

ठेकेदार की लापरवाही को अधिकारी कर रहे नजर अंदाज

नव प्रदेश संवाददाता

गंडई पंडरिया। नगर के धमधा दुर्ग रोड में मेन चौक से रुमझुम बार के पास नहर तक 500 सौ मीटर की लंबाई तक जो नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है वो गुणवत्ता पूर्ण ढंग से किया जा रहा है। नए बनने वाले नाली में पानी की भी तराई नही की जा रही है जिससे दरारे आना भी चालू हो गया है। दरअसल कल मंगलवार को दोपहर लगभग 2 बजे जब इसकी सूचना वार्ड के पार्षद दीलिप ओगरे को हुआ तो तत्काल निर्माण स्थल पहुँचकर जायजा लिया । काम करने वाले मजदूर को जब नाली ढलान से संबंधित जानकारी चाहा तो पता चला कि नाली का ढलान नहर की ओर दिया गया है। तब जाकर सुपरवाइजर से चर्चा हुआ तो उन्होंने बताया कि रोड मैप इंजीनियर ने बनाया है उसी के अनुसार काम चल रहा है। पार्षद ओगरे का कहना है कि अगर ढलान नहर की ओर दिया गया है तो एरिगेशन नहर विभाग नाली का पानी नही लगा और अगर लेता भी है तो जब बाढ़ और नहर का पानी ज्यादा चलने लगेगा तो पानी नहर से होकर नाली में आएगा और वार्ड के लोग पानी से तर बतर हो जायेगे। पुराना बने नाली का ढलान गलत होने के कारण वर्षो से वार्डवासी समस्या झेलते आ रहा है। अगर नाली बनाना है तो आगे भविष्य को देखते हुए बनाये अगर नाली सहित और उचित ढंग से नही बनता तो मैं बनने भी नही दूँगा।इस संबंध में ओगरे ने संबंधित अधिकारी से चर्चा किया है जवाब संतुष्ट मिला है।

पार्षद ने दिया नहर विभाग को सूचना, मौके पर पहुचे अधिकारी

पार्षद ओगरे के शिकायत के आधार पर निर्माण स्थल पर एरिगेशन विभाग के सब इंजीनियर राजकुमार कोसरिया भी मौके पर पहुँचे और नाली के ढलान को गंडई मेन चौक की तरफ देने की बात कही क्योकि मेन चौक के समीप पुराना नाली को जोड़ने वाला मुख्य नाला बना हुआ है। उसी में जोड़े नही तो आने वाले समय मे दिक्कत बढ़ सकती है।

करना होगा केयर सेंटरों का 'केयर', हर रोज रिपोर्ट, हर रोज 'रैंक'

राजेश शर्मा

भाटापारा। भाटापारा जिला कोविड अस्पताल के बाद अब खुलने जा रहे 8 कोविड केयर सेंटरों पर कलेक्टर की सीधी निगाह रहेगी। 5 बिंदुओं पर जानकारी मॉनिटरिंग टीम से होती हुई प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से कलेक्टर तक प्रतिदिन पहुंचानी होगी। यह कड़ाई इसलिए बरती जा रही है ताकि केयर सेंटर की व्यवस्था में कहीं कोई परेशानी या दिक्कत ना आने पाए। जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमितों की संख्या और चालू होने जा रहे कोविड केयर सेंटरों की निगरानी स्वयं कलेक्टर रोजाना करेंगे। हर केयर सेंटर के लिए अलग-अलग मॉनिटरिंग टीम का गठन कर दिया गया है जो अपने अपने अधिकार क्षेत्र के सेंटर में 5 बिंदुओं पर सतत और प्रतिदिन निगरानी करेगी। 5 बिंदुओं के आधार पर की जाने वाली इस निगरानी के बाद भेजी गई रिपोर्ट की चार स्तरों पर समीक्षा करने के बाद सेंटरों की रैकिंग की जाएगी और जरूरी सुधार के सलाह और निर्देश दिए जाएंगे।

इन पांच बिंदुओं पर मॉनिटरिंग

कलेक्टर के निर्देश पर गठित केयर सेंटरों की मॉनिटरिंग के लिए गठित टीम अपने क्षेत्र के केयर सेंटर की जांच के लिए जिन पांच बिंदुओं को केंद्र में रखकर समीक्षा करेगी उसमें सेंटर में भोजन व्यवस्था, साफसफाई प्रसाधन की स्वच्छता और उपलब्ध साधन, मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में दिए जाने के निर्देश है। अंतिम पांचवें बिंदु में सेंटर में भर्ती मरीजों में से कम से कम दो मरीजों से दूरभाष के माध्यम से फीडबैक की जानकारी देनी होगी। इस अंतिम बिंदु को इस लिए अनिवार्य माना गया है ताकि मॉनिटरिंग रिपोर्ट पूरी पारदर्शिता के साथ सामने आ सके।

मिलेगा रैंक, सुधारी जा सकेगी व्यवस्था

कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए किए जा रहे उपाय के बीच केयर सेंटरों की भूमिका को और भी अधिक गंभीर और जिम्मेदार बनाने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से लागू इस आदेश के बाद ऐसी समस्या से ना केवल मॉनिटरिंग टीम की जिम्मेदारी तय की जा सकेगी बल्कि केयर सेंटरों की व्यवस्था बनी रहेगी क्योंकि इस रिपोर्ट के आधार पर औसत से कम, औसत, अच्छा और बहुत अच्छा जैसे चार रैंक उस सेंटर की स्थिति को स्पष्ट करेंगे। कलेक्टर के इस फैसले और आदेश के बाद केयर सेंटरों में सुचारू व्यवस्था को शुरू से ही बनाए रखा जा सकेगा।

पहले दिन से ही चालू

केयर सेंटर चालू होने के दिन से ही लागू होने वाली इस व्यवस्था के लिए मॉनिटरिंग टीम को अपने क्षेत्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्धारित प्रपत्र में यह जानकारी देनी होगी। यहां से जारी अनुशंसा और टीप के बाद यह प्रपत्र कलेक्टर तक पहुंचाया जाएगा जहां से इस रिपोर्ट की समीक्षा के बाद रैंक दिया जाएगा। खामियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए जाएंगे। संसाधनों की कमी वाले सेंटरों को तत्काल ऐसे संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी जिसकी कमी प्रपत्र में बताई जाएगी।

यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि केयर सेंटरों की सही स्थिति मुख्यालय तक पहुंच सके। इसमें मरीजों के मोबाइल से तस्वीरें भी मांगी जाएगी ताकि रिपोर्ट और स्थिति की वास्तविकता का पता चल सके। इन दोनों के मिलान के बाद खामियां दूर करने के काम किए जा सकेंगे।

- डॉ खेमराज सोनवानी,
सीएचएमओ ,बलोदा बाजार